
हरिभूमि
# रायपुर भूमि





- रायपुर स्मार्ट सिटी का 20 करोड़ का प्रोजेक्ट, 2 साल बाद भी काम अधूरा
- कीचड़ और बदबू के बीच पानी ओझल, महाराजबंद तालाब किनारे भैंस डूबने लायक पानी नहीं बचा
- महाराजबंद, नरैया और खोखो तालाब का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

## एसटीपी बना गले की फांस, काम आधा मुसीबत ज्यादा, तालाब में कीचड़ और बदबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गई भैंस पानी में यह कहावत आपने अक्सर सुनी होगी, पर राजधानी रायपुर में हालात इसे ठीक उल्टा देखने को मिल रहा है। ऐतिहासिक महाराजबंद तालाब की हालत ये है कि तालाब में कीचड़, प्लास्टिक कचरों और जलकुंभी की भरमार के कारण गर्मी के सीजन में भैंस को अपनी तपिश बुझाने पानी तक नहीं मिल रहा। यह नजारा स्मार्ट सिटी द्वारा 10 करोड़ खर्च कर बनवाये जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट वाले हिस्से में देखा जा सकता है। तालाब का पानी दूषित होने के साथ उससे उठने वाली बदबू के चलते वहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। कमोबेश यही स्थिति नरैया तालाब ▶▶|शेष पेज 13 पर

## टेंट हाउस के गोदाम में लगी आग लाखों का सामान जलकर खाक



रायपुर। राजधानी रायपुर के वीरभद्र नगर मुख्य रोड के पास स्थित एक टेंट दुकान में भीषण आग लग गई। इस आग से टेंट में रखी बांस-बल्ली, फर्नीचर, प्लास्टिक कुर्सी, कूलर व टेंट के कपड़े जलकर खाक हो गए। दुकान संचालक के अनुसार इस आगजनी से दो-तीन लाख रुपए का ही नुकसान हुआ। यह नुकसान और ज्यादा हो सकता था अगर टेंट के ▶▶|शेष पेज 13 पर



टेंट संचालक के परिजन गमगीन

### गणित के साथ आठवीं बोर्ड परीक्षा प्रारंभ, नकल रोकने के निर्देश, पर सख्ती नहीं

# पांचवी में मनमानी के बाद आठवीं में अलर्ट पर्चा हल करने बच्चों को मिलती रही मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आठवीं कक्षा की परीक्षा शुरुआत मंगलवार को गणित विषय के साथ हुई। पांचवी की तरह आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए भी यह पहला मौका रहा, जब उन्होंने परीक्षा दिलाई। पांचवी की परीक्षा में नकल प्रकरण सामने आने के बाद विभाग ने अलर्ट का फरमान जारी किया और कुछ हद तक नकल रोकने की कवायद भी चली, फिर भी कुछ स्कूलों में शिक्षक पर्चा हल करने में बच्चों की मदद करते नजर आए।

हरिभूमि लाइव

हरिभूमि की टीम को कहीं कहीं शिक्षक छात्रों की मदद करते मिले तो कई विद्यालयों में परीक्षा देकर निकले छात्रों ने यह बात स्वीकार करते हुए कहा कि प्रश्नपत्र हल करने में उन्हें सहयोग मिला। हालांकि पांचवी की परीक्षा में नकल की तस्वीरें सामने आने के बाद विभाग द्वारा अपने स्तर पर सतर्कता बरती गई, लेकिन इसके बाद भी कुछ हद तक लगभग प्रत्येक विद्यालयों में विद्यार्थियों ▶▶|शेष पेज 13 पर

**केस 1**

शासकीय प्राथमिक शाला रायपुरा में परीक्षा देकर निकले छात्रों ने बताया कि कक्ष में बिजली की तो व्यवस्था है, लेकिन पर्चे हल करने के दौरान उन्हें पानी की सुविधा नहीं दी गई। या तो खुद से बोतल लेकर आना पड़ रहा है अथवा कक्ष से बाहर जाकर नल से पानी पीना पड़ रहा है।

**केस 2**

परीक्षा देकर निकले शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डगनिया और चंगोराभाठा के विद्यार्थियों ने बताया, परीक्षा कार्य के दौरान शिक्षकों का व्यवहार सहयोगात्मक रहा। शिक्षकों द्वारा पर्चे हल करने में मदद भी की गई।

**केस 3**


शासकीय विद्यालय पचेड़ा के पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें दो परीक्षाओं के मध्य मिले गेप में छुट्टियां नहीं दी गई हैं। उन्हें विद्यालय बुलाकर अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। कई स्कूलों में ऐसी स्थिति है, जहां कोर्स पूरा नहीं होने के कारण छात्रों को परीक्षा के पहले तक बुलाया जा रहा है।

**केस 4**

भाठागांव के शासकीय विद्यालय में अजीब स्थिति नजर आई। यहां प्रत्येक कक्ष के अलावा द्वार पर भी शिक्षक तैनात दिखे। मोवा, मठपुरैना, रायपुर से सटे सांकरा सहित कई अन्य क्षेत्रों के शासकीय विद्यालयों में भी कहीं शिक्षक छात्रों की मदद करते नजर आए तो कहीं विपरीत परिस्थितियों से बचने मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया था।



- जिले के 491 शासकीय विद्यालयों में आठवीं के 23 हजार 666 छात्र
- 5वीं कक्षा से होगी मूल्यांकन की शुरुआत, आठवीं की कॉपियां जांची जाएंगी 4 अप्रैल से



### प्रतिदिन जांची जाएंगी 40 कॉपियां

परीक्षाएं प्रारंभ होने के साथ ही मूल्यांकन की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। पांचवी की उत्तरपुस्तिकाएं 30 मार्च से जांची जाएंगी। इसके बाद 4 अप्रैल से 8वीं कक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू होगा। इसके लिए दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को एक दिन में अधिकतम 40 कॉपियां ही मूल्यांकन के लिए प्रदान की जाएगी। इससे अधिक उत्तरपुस्तिकाएं शिक्षकों को मूल्यांकन के लिए नहीं दी जाएंगी। प्रत्येक विषय के लिए एक-एक शिक्षक को मुख्य मूल्यांकनकर्ता नियुक्त किया जाएगा। वे अधीन मूल्यांकन कार्य कर रहे शिक्षकों की 5 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं का पुनः मूल्यांकन करेंगे ताकि किसी तरह की त्रुटि की आशंका ना रहे।


# थाने में महिला आरक्षक से छेड़छाड़ एएसआई के विरुद्ध एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में महिला से छेड़छाड़ करने का एक बड़ा मामला सामने आया है। यह छेड़खानी किसी आम महिला या आम रास्ते में नहीं, बल्कि एक महिला पुलिस कर्मी से थाने के अंदर एक एएसआई द्वारा की गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी एएसआई पिछले कई दिनों से महिला आरक्षक से किसी न किसी बहाने से छेड़छाड़ का प्रयास करता था, जिसका कई बार महिला आरक्षक ने विरोध भी किया था, लेकिन इस बार एएसआई ने अपनी सीमा लांघते हुए महिला आरक्षक का जबरदस्ती हाथ पकड़कर छेड़खानी की। इसकी शिकायत महिला आरक्षक ने उच्च अधिकारियों से की, जिसके बाद इस मामले में आरोपी एएसआई के विरुद्ध छेड़छाड़ करने का अपराध दर्ज किया गया है।

### रंग लगाने के बहाने की छेड़खानी

सूत्रों के अनुसार होली के दूसरे दिन आरोपी एएसआई थाने में ड्यूटी कर रहा था। इसी दौरान महिला आरक्षक भी ड्यूटी करने पहुंची थी। इसी दौरान एएसआई ने रंग लगाने के बहाने उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए जबरदस्ती करने का प्रयास किया। महिला आरक्षक ने इसका विरोध करते हुए थाने से बाहर निकलकर इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। इसके बाद अधिकारियों के निर्देश पर इस मामले में एएसआई के विरुद्ध धारा 74 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।





### सीएसपी ऑफिस में रीडर पदस्थ है आरोपी

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी एएसआई सोबंत सिंह रावत कोतवाली सीएसपी आफिस में रीडर पदस्थ है। इस ऑफिस में महिला आरक्षक भी पदस्थ है। बताया जा रहा है कि महिला आरक्षक जब से यहां पदस्थ है, तब से सोबंत सिंह उसे उसके पीछे पड़ा हुआ था तथा किसी न किसी बहाने से छेड़छाड़ का प्रयास किया करता था। सोबंत सिंह महिला आरक्षक से सीनियर है। इसके कारण महिला आरक्षक कुछ दिनों तक चुप रही, लेकिन जब बार-बार वह उसे परेशान करने लगा, तो उसने थाने में पदस्थ आला अफसरों को भी इसकी जानकारी दी थी, लेकिन इस मामले में किसी ने हस्तक्षेप नहीं किया। इस कारण उसके हौसले और बढ़ते गए।

### जांच की जा रही

महिला की शिकायत पर एएसआई के विरुद्ध छेड़छाड़ करने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच जारी है।

- केशरी नंदन नायक, सीएसपी रायपुर






## खबर संक्षेप

### केपीएस में प्री–प्रायमरी वाले बच्चों ने मनाया ग्रेजुएशन डे



**आरंग।** कृष्णा पब्लिक स्कूल रसनी में प्री–प्रायमरी वाले बच्चों का ग्रेजुएशन डे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य सोमा हल्दर ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में नर्सरी, केजी–1, केजी–2 के बच्चों ने सुंदर वेशभूषा के साथ अलग–अलग गीतों में सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। केजी–2 के बच्चों को सुंदर टाइटल टैग के साथ मार्कशीट का वितरण किया गया। बच्चों के साथ पालकगण भी उत्साहित दिखे। उन्होंने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी प्रस्तुति बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

### बेनीडीह में त्रिदिवसीय रामायण समारोह 21 से

**आरंग।** ग्राम बेनीडीह में जय मां सरस्वती मानस मंडली व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से अखण्ड त्रिदिवसीय रामायण समारोह 21 मार्च से प्रारंभ होगा। जिसका समापन 24 मार्च को विजय जुलूस के साथ दोपहर 3 बजे किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता आरती वरुण निशाद ने एक विज्ञप्ति में बताया कि उक्त रामायण समारोह में प्रत्येक मानस मण्डली को स्नेह मानसदान 1001 रुपए सहित अन्य सहयोग भी किया जाएगा।

### विदेशी छात्रों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य हो : संजय

**धरसींवा।** छत्तीसगढ़ आरटीआई एक्टिविस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने छत्तीसगढ़ सरकार से मांग की है कि राजधानी के विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत विदेशी छात्रों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्यतः किया जाए। उन्होंने रायपुर के विश्वविद्यालय का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां लगभग 27 देशों के छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। पूर्व में नाइजीरिया के दो छात्रों की साइबर ठगी के मामले में गिरफ्तारी भी हो चुकी है। यह सर्वविदित है कि नाइजीरिया साइबर अपराध और ड्रग्स तस्करी के लिए कुख्यात है।

## निधन

### बिश्वासा बाई यादव

**आरंग।** रावत पारा निवासी 62 वर्षीय बिश्वासा बाई यादव का



रविवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में परिजन एवं नगरवासी शामिल हुए। वे परस राम, संतोष, शत्रुहन यादव की माता थीं।

**मांग : जनपद कार्यालय के सामने पंडाल लगाकर गारंटी पूरा करने नारेबाजी की**

# एक सूत्रीय मांग पूरी नहीं होने से सचिव नाराज, हड़ताल पर गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

ब्लाक मुख्यालय धरसींवा अन्तर्गत आने वाले सभी 78 ग्राम पंचायत के सचिवों ने मोदी की गारंटी पूरा नहीं होने से आक्रोशित हो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए जहां जनपद कार्यालय के सामने पंडाल लगा शासन को मोदी की गारंटी पूरा करने का नारेबाजी कर शासन को जगाने का प्रयास कर रहे हैं। जिसमें सचिव संघ का कहना है कि मोदी की गारंटी में सचिव संघ मोदी की गारंटी पूरा नहीं करने के कारण 17 मार्च को विधानसभा घेराव कर आज से जनपद पंचायत मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं साथ ही 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव के जाने की तैयारी भी हैं।



पूरा मामला इस प्रकार से हैं कि विधानसभा चुनाव 2023- 24 में हुए चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीय कारण करने का वादा किया गया था। सत्र 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवो को स्टेडियम रायपुर के सभागार में मुख्यमंत्री विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री, महिला बाल विकास मंत्री तथा घोषणा पत्र के संयोजक सांसद दुर्ग की उपस्थित में पंचायत सचिवों का शासकीयकरण को अति आवश्यक मानते हुए। सचिवों को भरोसा देते हुए मुख्यमंत्री द्वारा मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए तत्काल कमेटी का गठन करने की घोषणा की किंतु मुख्यमंत्री के घोषणा के अनुरूप 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठन का 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए उल्लेख भी किया गया था।

### 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव करने का लिया निर्णय

*उक्त आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीकरण के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया, जिस पर पंचायत सचिवों को पूर्ण आशा एवं विश्वास था की रिपोर्ट अनुसार बजट सत्र में शासकीय करण का सौगात प्रदान किया जाएगा, किंतु बजट सत्र में नहीं आने एवं इस विषय पर सरकार द्वारा कोई पहल नहीं करने के कारण पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव आक्रोशित हो प्रदेश पंचायत सचिव संघ के द्वारा 10 मार्च को बैठक लिया गया कि 17 मार्च को प्रदेश के समस्त सचिवों द्वारा विधानसभा घेराव एवं 18 मार्च से मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल तथा 01 अप्रैल को मंत्रालय घेराव करने का निर्णय लिया गया है जिसके परिपालन में पूरे प्रदेश के सचिव अपने अपने ब्लॉक पर हड़ताल पर बैठे हैं और आगे मंत्रालय का घेराव भी करेंगे।*

# समीक्षा बैठक के साथ रंगोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक एवं रंग उत्सव का आयोजन मंगलवर को किया गया। एसडीएम आरंग

■ सभी ने होली को बताया, प्रेम एवं भाईचारे का पर्व

शर्मा ने जाति व निवास प्रमाण पत्र बनने की स्थिति, अपार आईडी, इनरोलमेंट ऐप, यू डाइस एवं केंद्रीकृत परीक्षा पांचवीं व आठवीं मूल्यांकन आदि की प्रक्रिया पर जानकारी लेते हुए समीक्षा की। एसडीएम ने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। साथ ही इस अवसर पर होली मिलन कार्यक्रम भी रखा गया। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने फाग गीत प्रस्तुत किया एवं होली को प्रेम एवं भाईचारे का पर्व बताया। वहीं विकासखंड स्त्रेत समन्वयक मातली नंदन वर्मा ने मधुर बांसुरी वादन कर सभी को होली पर्व की हार्दिक बधाई दी।

### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर सभी संकुल समन्वयगण ओंकार वर्मा, हरीश दीवान, रोशन चंद्राकर, पोखर साहू, अनिल चतुर्वेदी, जितेंद्र शुक्ला, सुनील पटेल, प्रफुल्ल मांझी, शेख मोहम्मद, विजय देवांगन धनंजय साहू, अभिषेक तिवारी, मनोज मुछावर आदि एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही।*

# झरिया धोबी समाज का वार्षिक सम्मेलन व होलीमिलन समारोह



**मंदिर हसौद।** झरिया धोबी समाज मंदिर हसौद परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह 16 मार्च को ग्राम धर्मपुरा में आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम नातिन धोबिन दाई एवं संत शिरोमणि गाडगे महाराज की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात समाज से नवनिर्वाचित जनपद सदस्य शिखा तमेश निर्मलकर धरमपुर तारिणी पिंटू निर्मलकर पार्षद नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद को श्रीफल एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित प्रबुद्धजनों अध्यक्ष नीलू निर्मलकर संरक्षक धरमलाल निर्मलकर सचिव मुकेश निर्मलकर सदस्य टीकम निर्मलकर गजानन निर्मलकर केजू रजक अर्जुन निर्मलकर संतराम निर्मलकर पुरुषोत्तम निर्मलकर रामचरण निर्मलकर दिनेश्वर निर्मलकर आदि का श्रीफल एवं गमछा भेंट कर सम्मान किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या से गांव की महिलाएं एवं पुरुष सम्मिलित हुए।

### इन्होंने किया संबोधित

सभा को नीलू निर्मल कर धरमलाल निर्मलकर टीकम निर्मलकर मुकेश निर्मलकर बचपन निर्मलकर ने संबोधित किया। वही समाज की आय व्यय की जानकारी कोषाध्यक्ष धरमलाल द्वारा दी गई। समाज की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए 30 अप्रैल तक गांव से प्रस्ताव मंगाया है। बहुमत होने पर नई कार्यकारिणी की गठन किया जाएगा।

# अभनपुर सरपंच संघ अध्यक्ष बने मुकेश ढीढी

**अभनपुर।** जनपद पंचायत अभनपुर अंतर्गत निर्वाचित सरपंचों द्वारा सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत गोतियारडीह के सरपंच मुकेश ढीढी को सरपंच संघ अभनपुर का अध्यक्ष



नियुक्त किया गया। सरपंच संघ के अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई देने पहुंचे अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने उपस्थित ग्राम पंचायत सरपंचो को संबोधित करते कहा कि अधिकांश सरपंच प्रथम बार चुनाव जीतकर आए है व उन्हे काम करने में कई दिक्कतो का सामना करना पड़ता है जिसके लिये सामूहिक प्रयास की विशेष आवश्यकता होती है जिसमें सरपंच संघ अध्यक्ष का पद की भूमिका बहुत महत्वपुर्ण होती है। इस अवसर पर उन्होने उपस्थित सरपंचों को आश्वस्त किया कि सभी ग्राम पंचायतो के सरपंचों को बिना किसी भेदभाव, चाहे किसी भी पार्टी का हो, गांव के विकास के लिये हर संभव सहयोग करूंगा। शासन की सभी योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम सरपंच का होता है, सभी सरपंच अपने पंचायतो में प्राथमिकता के आधार पर योजना बनाकर प्रमुख पांच कार्यों की सूचीबद्ध कर हमे दे जिसका जल्द से जल्द क्रियान्वयन करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी होगी।

इस अवसर पर नवनियुक्त सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी ने कहा कि हमारे साथी सरपंचो द्वारा हमे जो जिम्मेदारी दी गई है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। हम सभी एक परिवार की तरह काम करेंगे प्रायः सभी ग्राम पंचायतो कुछ न कुछ परेशानियां आती है उन सभी समस्याओं का निदान करने का प्रयास करूंगा। इस दौरान जनपद अध्यक्ष चन्द्रिका जितेन्द्र बंजारे, पूर्व जिपं. सदस्य खेमराज कोसले, साहू समाज अध्यक्ष भोजराम साहू, मंडल अध्यक्ष भरत बैस, नागेन्द्र वर्मा, किशोर साहू, नयापरा पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधी संजय साहू, सरपंच संघ पुर्व अध्यक्ष खोरबाहरा साहू, राजेन्द्र सिन्हा, जनपद सदस्य रानी मनोज सोनवानी, कमल तारक, रवि कुमारी, संजय बंजारे, सिन्दु जैन, बंसत कोसरे सहित उपस्थित सभी ग्राम पंचायत के सरपंचो व जनप्रतिनिधियों ने बधाई प्रेषित किया।

# वित्तीय समझ से व्यक्ति अपनी और परिवार की आर्थिक व्यवस्था को कर सकता है व्यवस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

समर्पित संस्था ने भारतीय रिजर्व बैंक के जमाकर्ता शिक्षा व जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज सरोरा मंगल भवन ब्लॉक तिल्दा में किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बैंक उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं हितार्थ वित्तीय योजनाओं के प्रति जागरुक करना था।

■ भारतीय रिजर्व बैंक का जमाकर्ता शिक्षा व जागरुकता कार्यक्रम में कार्यशाला

■ समर्पित संस्था का एक दिवसीय आयोजन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरोरा के सरपंच प्रतिनिधि विश्राम साहू एवं उपसरपंच बसंत सिंह विनोद एवं आईटीआई से प्रशिक्षण अधिकारी दिग्विजय सिंह वर्मा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि की आसंदी से श्री साहू ने कहा कि वित्तीय शिक्षा वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। वित्तीय समझ से व्यक्ति अपनी व परिवार की आर्थिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित कर सकता है। उन्होंनें कहा कि बैक से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को यह अधिकार है कि वह अपने जमा धन व निवेश की विस्तृत जानकारी प्रबंधन से प्राप्त कर सकता है। यदि बैंक प्रबंधन जानकारी नहीं देता है तो उसे तत्काल बैंकिंग लोकपाल से संपर्क करना चाहिए। कार्यक्रम के उद्देश्य के विषय में जानकारी देते हुये समर्पित संस्था के अध्यक्ष डॉ.संदीप शर्मा ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक से जुड़े उपभोक्ताओं के सामने आने वाली विभिन्न परेशानियों को देखते हुये उन्हें जागरुक करने के लिये जमाकर्ता शिक्षा और जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत की है। उन्होंने बताया कि जमाकर्ता अपने अधिकार और वित्तीय शिक्षा के प्रति अज्ञानता के कारण ही लगातार चिटफंडकंपनी, ऑनलाइन शॉपिंग, दूरभाष में ए.टी.एम.की जानकारी आदि माध्यमों से ठगी का शिकार हो रहा है। कार्यशाला के माध्यम से बैंक उपभोक्ताओं को जागरुक बनाया जा रहा है। कार्यशाला में महिला स्वसहायता समूह व आईटीआई के विद्यालय के छात्रों, लोगों को शामिल किया गया ताकि वित्तीय शिक्षा का प्रसार जमीनी स्तर पर हो सके। डॉ.संदीप शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिये भारतीय रिजर्व बैंक ने पूरे देशभर से मात्र 20 संस्थाओं का चयन किया है। उसमें से समर्पित संस्था एक है। उक्त जानकारी संस्था के समन्वयक पी.एल.खैरवार ने दी।



### बचत योजनाओं, बैंकिंग लोकपाल आदि की दी जानकारी

कार्यशाला में उपस्थित बैंक प्रतिनिधियों व मास्टर ट्रेनर हितेश मिश्रा व ज्योति सिंह ने बैंक खाता खुलवाने, उसका संचालन, बचत योजना, वित का प्रबंधन, के.वाय.सी. प्रक्रिया, बैंक ऋण, ऋण संबंधित उपभोक्ताओं के अधिकार, जमाकर्ताओं के अधिकार, बैंकिंग लोकपाल, चिटफंड कंपनियों, नान बैंकिंग फाइनेंस कंपनी आदि की विस्तृत जानकारी उपस्थित लोगों को दी। कार्यशाला को सफल बनाने में संस्था के समन्वयक पी.एल.खैरवार, निमेष साहू, धर्मेन्द्र वर्मा, भूपेन्द्र बंजारे, संतोषी वर्मा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# नगर और वार्ड विकास पहली प्राथमिकता: पार्षद रानी जैन

**तिल्दा नेवरा।** वार्ड क्रमांक 21 की नवनिर्वाचित भाजपा पार्षद रानी सौरभ जैन ने मंगलवार को चर्चा करते हुए कहा कि अपने वार्ड के साथ साथ नगर का विकास पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के प्रथम सम्मेलन में ही उनके द्वारा डिवाइडर का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा। डिवाइडर जल्द बने इसके लिए ठोस पहल की जाएगी। जिससे आमजन को काफी राहत मिलेगी।

■ प्रथम सम्मेलन में ही डिवाइडर का मुद्दा प्रमुखता से उठाएंगी



उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी शुरू हो रही है ऐसे में अपने वार्ड में जलसंकट न हो इसके लिए विशेष पहल की जाएगी। श्रीमती जैन ने कहा कि जल जरूरी है। वार्ड में पानी का अभाव नहीं रहे। इसके लिए उन्होंने वार्ड का दौरा कर पानी नियमित मिले जिसके लिए नगर पालिका के अधिकारी सहित जल विभाग के कर्मचारियों को विशेष दिशा निर्देश जारी किया गया है।

# फरफौद में होगा 26 से तीन दिवसीय रामायण समारोह

**आरंग।** ग्राम फरफौद के गुड़ी चौक में 26 से 29 मार्च तक तीन दिवसीय अखण्ड रामायण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जय बजरंग मानस मंडली व ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रामायण समारोह में भाग लेने वाले प्रत्येक मानस मंडली को प्रोत्साहन स्वरुप 1001 रुपए प्रदान किया जाएगा।



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विभागों के लिए 21,277 करोड़ 28 लाख से अधिक की अनुदान मांगें पारित

# राज्य सरकार पीएम मोदी की एक-एक गारंटी को पूरा करने का काम कर रही

## नक्सल प्रभावित जिलों के लिए केंद्र से मिले 557 करोड़ और खर्च 998 करोड़

*विधानसभा में नक्सल प्रभावित जिलों में वर्ष 2019 से 2023 तक सुरक्षा संबंधी व्यय योजना के तहत कार्ययोजना राशि और खर्च के सवाल पर डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि केंद्र से 557 करोड़ आया है और 998 करोड़ से ज्यादा व्यय हुआ है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने नक्सल उन्मूलन के लिए राशि के प्रावधान और खर्चे को लेकर जानकारी मांगी। गृह मंत्री विजय शर्मा ने आवंटन और व्यय में अंतर के संबंध में बताया कि इसकी वजह यह है कि पहले राज्य के बजट से ये राशि खर्च हो जाती है, फिर इसे रिम्बर्स कराया जाता है, मतलब खर्चे के बाद राशि आती है। अजय चंद्राकर ने कहा, कार्ययोजना 13 बिंदुओं में भेजा गया है, और खर्च 25 बिंदुओं में हुआ है। कार्ययोजना किसी और मद के लिए भेजी गई है, और खर्च किसी और मद में हुए हैं। विजय शर्मा ने कहा, जिन बिंदुओं का जिक्र सदस्य कर रहे हैं, वो सभी राज्य सरकार मद के हैं। सभी नॉर्म्स के तहत हैं, सब आगे जाकर क्लेम किया जाता है, फिर केंद्र सरकार से राशि प्राप्त हुए हैं। श्री चंद्राकर ने कहा, ये कहीं नहीं लिखा है कि राज्य सरकार के हेड से यह हुआ है। मेरा प्रश्न सुरक्षा संबंधी व्यय को लेकर है। श्री शर्मा ने कहा, हमने वर्ष वार प्रावधान और व्यय को बताया है। अजय चंद्राकर ने कहा कि इंश्योरेंस में पैसे केन्द्र से मांगे गए हैं, लेकिन इंश्योरेंस एक भी नहीं हुआ। किसका इंश्योरेंस किया गया है? इंश्योरेंस हुआ नहीं है और राशि व्यय हो चुकी है। विजय शर्मा ने कहा, रिहैबिलिटेशन पॉलिसी में सभी राशि केंद्र से प्राप्त नहीं होती। जितनी प्राप्त होती है, उसके अलावा की राशि राज्य बजट से खर्च होता है। बीमा पूर्ति मद से बीमा कंपनियों को प्रीमियम की राशि देने का निर्णय पहले हुआ था।*



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

विधानसभा में मंगलवार को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के पुलिस, गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के वित्तीय सहायता, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 21,277 करोड़ 28 लाख रुपए से अधिक की अनुदान मांगें पारित की गईं।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सदन में बताया कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई एक-एक गारंटी को पूरा करने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री के हर आवासविहीन परिवारों को छत देने का सपना को साकार करने का काम रही है। हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत राज्य के 18 लाख गरीब परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए पहली कैबिनेट बैठक में ही स्वीकृति प्रदान कर इस दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री आवास योजना हमारे सरकार के लिए केवल ईंट और गारे से बने घरों का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह लाखों जरूरतमंदों के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार हमारी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए 11 लाख 50 हजार नए मकानों की मंजूरी दी, इसके लिए 8 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया, अब तक 7 लाख 69 हजार मकानों की स्वीकृति दी जा चुकी है और निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के नेतृत्व वाले सरकार ने इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 8500 करोड़ ऐतिहासिक प्रावधान किया गया है।

» पीएम आवास के लिए 8500 करोड़ रुपए का प्रावधान

» नक्सल विरोधी बल बस्तर फाइटर्स के लिए 3202 नए पदों का सृजन

» 5 साइबर, 6 अजाक, 3 महिला और 2 नवीन पुलिस थाना खोलने की घोषणा



### नक्सल इलाके के लिए होगी डब्लूएचएपी वाहन खरीदी

नक्सल उन्मूलन के लिए इस वर्ष के बजट में कई नए प्रावधान किए गए हैं। बस्तर के सातों जिलों में नक्सल विरोधी बल बस्तर फाइटर्स के लिए 3202 नए पदों के सृजन का निर्णय लिया गया है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस के प्रशासनिक और आवासीय भवनों के निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है।

### सड़क और संचार नेटवर्क का विस्तार

सड़क और संचार नेटवर्क का विस्तार भी सरकार की प्राथमिकता में है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए 53 नए सुरक्षा कैम्प स्थापित किए गए हैं। इस प्रयास के तहत नारायणपुर-धौड़ाई-दंतेवाड़ा-बारसूर मार्ग को चालू किया गया है, जिससे वर्षों से प्रभावित क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है।

### 309 नक्सली मारे गए, 975 मुख्य धारा में लौटे

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हमारी सरकार द्वारा बीते एक वर्ष में अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। प्रदेश के जवान कठिन परिस्थितियों में भी पूरी बहादुरी से नक्सलवाद का सामना कर रहे हैं। बीते 14 महीनों में 157 मुठभेड़ों में 305 माओवादियों के शव बरामद हुए हैं, 396 हथियार और 492 आईईडी पकड़े गए हैं, जबकि 1205 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। हमारी पुनर्वास नीति एवं सुरक्षा बलों के दबाव के चलते 975 नक्सलियों ने समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए आत्मसमर्पण किया है।

### गृह विभाग के बजट में 10 प्रतिशत की वृद्धि

उपमुख्यमंत्री ने कहा, पिछले एक वर्ष में प्रदेश की कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जो ठोस कदम उठाए गए हैं, वे मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। विशेष रूप से नक्सल उन्मूलन के क्षेत्र में किए गए प्रयासों से प्रदेश के नक्सल प्रभावित जिलों में विकास कार्य तेज हुए हैं और नक्सलवाद अपनी अंतिम अवस्था में पहुंच चुका है।

### अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी पुलिस

प्रदेश में पुलिस अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए इस बजट में ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं। पुलिस अधोसंरचना निर्माण के लिए 518 करोड़ की राशि आवंटित की गई है, जो पिछले वर्षों के कुल बजट से भी अधिक है।

### प्रत्येक थाने में होगा महिला डेस्क

महिला सुरक्षा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। 'सखी वन स्टॉप सेंटर' और 'निर्भया पेट्रोलिंग यूनिट' का विस्तार करने के लिए 100 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। प्रत्येक थाना स्तर पर महिला हेल्पडेस्क स्थापित करने की योजना बनाई गई है, जिससे महिलाओं को त्वरित सहायता प्रदान की जा सके।

### तकनीकी शिक्षा के लिए 474 करोड़

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के अनुदान मांग पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग को सशक्त बनाने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 474 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है, जिससे संस्थानों का विस्तार, अधोसंरचना विकास और युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

## डिप्टी सीएम बोले- जून तक सड़क बनाना संभव नहीं, अध्यक्ष ने कहा- कम से कम चलने लायक बन जाए

विधानसभा में भाजपा विधायक विक्रम उसेंडी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पखांजूर से मायापुर तक सड़क निर्माण का मामला उठाया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के 15 जून तक कार्य पूरा करने में असमर्थता जताए जाने पर अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, बरसात से पहले कम से कम माइनर रिपेयर का काम हो जाए और सड़क चलने लायक हो जाए। भाजपा विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा, बरसात के पहले यह कार्य ध्यानाकर्षण में पूरा करने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक कार्य क्यों नहीं किया गया? उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, पिछले साल 26 जुलाई के ध्यानाकर्षण में मैंने स्ट्रेंथनिंग की घोषणा की थी और कार्य पूरा करने की कोशिश भी की गई थी। महाराष्ट्र का बार्डर यहां से जुड़ गया है, तो काफी हैवी ट्रैफिक की वजह से थोड़ी परेशानी आई, लेकिन इसे जल्द ही कर लिया जाएगा। विधायक ने कहा कि कम से कम बरसात के बाद आपने काम शुरू करने की बात की थी, उस लिहाज से अब तक तो पैच रिपेयर का काम शुरू करना चाहिए था।



## पीएचई में उप अभियंता की भर्ती में डिप्लोमाधारी ही योग्य, डिग्रीधारी नहीं

विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से पीएचई विभाग में उप अभियंताओं की भर्ती का मामला भाजपा विधायक राजेश मूणत और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने उठाते हुए कहा, सिविल इंजिनियरिंग करने वाले डिप्लोमाधारी योग्य, लेकिन डिग्रीधारी योग्य नहीं हैं। भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा, ज्यादा पढ़ने वाले अयोग्य और कम पढ़ने वाले कैसे योग्य हो जाते हैं। पीडब्ल्यूडी की भर्ती में ये योग्य हो जाते हैं, लेकिन पीएचई की भर्ती में अयोग्य हो जाएंगे, इसमें नियमों का परीक्षण किया या नहीं। 2017 में आपके विभाग ने ही डिग्रीधारी को सब इंजीनियर बनाया था, आज क्यों नहीं? उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि प्रदेश में 30 से अधिक पॉलिटेक्निक कॉलेज हैं, जहां से हर साल 8 हजार युवा पढ़कर निकलते हैं। सबके लिए अलग-अलग भर्ती नियम और व्यवस्था है। 1977 से यही भर्ती नियम चला आ रहा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा, सुप्रीम कोर्ट का फैसला, निर्देश मानेंगे या नहीं मानेंगे। उप मुख्यमंत्री साव ने इस पर कहा, इस प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट का फैसला लागू नहीं होता।



## विशाखा समिति की रिपोर्ट पर 3 दिनों के भीतर होगी कार्रवाई

विधानसभा में मंगलवार को भाजपा विधायक भावना बोहरा के सवालों का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने घोषणा की कि आयुर्वेद कॉलेज रायपुर के मामले में विशाखा समिति ने जो जांच रिपोर्ट दी, उस पर 3 दिनों के भीतर कार्रवाई करेंगे। प्रश्नकाल में भाजपा विधायक भावना बोहरा का सवाल था कि विशाखा समिति चिकित्सा शिक्षा के कौन-कौन से महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में क्रियाशील है? चिकित्सा शिक्षा अंतर्गत इस समिति का प्रमुख कौन होता है एवं समिति में कितने सदस्य होते हैं? सदस्य बनने के लिए योग्यता क्या होती है? समिति बनाने हेतु किन नियमों का पालन किया जाता है? वर्ष 2021 से 2025 तक आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में विशाखा समिति को कितने शिकायत या आवेदन प्राप्त हुए? प्राप्त शिकायतों में कितनी शिकायतों का निराकरण किया गया? स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जवाब दिया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग अंतर्गत अधीनस्थ संस्थाओं में विशाखा दिशा-निर्देश अंतर्गत समिति गठित है। उक्त समिति का प्रमुख महिला होना आवश्यक है।



## महतारी सदन के आवंटन में भेदभाव क्यों? महंत ने गृहमंत्री से कहा-पंचयती ना करें

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने 194 ग्राम पंचायतों में महतारी सदन निर्माण को लेकर कहा, विजय शर्मा गृहमंत्री हैं, तो उन्हें पंचयती करना उचित नहीं है। साफ-साफ बताएं कि क्या महतारी सदन बनाने का चयन सेटेलाइट के माध्यम से हुआ है, क्या इसके लिए कोई स्पेशल विंग बनाया है या फिर राजनीतिक दृष्टिकोण रखा है। सक्ती में नहीं बना है। उन्होंने आरोप लगाया कि 194 ग्राम पंचायतों में महतारी सदन निर्माण स्वीकृत किया है। उसमें से सिर्फ कांग्रेस विधायकों के क्षेत्र में 5 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के क्षेत्र में 4 महतारी सदन बनाए हैं। बाकी के 185 महतारी सदन भाजपा के विधायकों को दिया है। ये कोई प्रक्रिया है? छत्तीसगढ़ की पंचायतें हैं। आपको सामान्य दृष्टिकोण से काम करना चाहिए। इसके जवाब में विजय शर्मा ने कहा लैलूंगा, धरमजयगढ़, संजारी बालोद, रामपुर, कटघोरा, सरायपाली में स्वीकृत हुआ है।



### 50 करोड़ का किया गया प्रावधान

विजय शर्मा ने अपने जवाब में बताया 50 करोड़ के प्रावधान में लगभग 200 महतारी सदन 24 लाख की राशि से बजट के प्रावधान से और स्वच्छ भारत मिशन से लगभग साढ़े 4 लाख से 5 लाख रुपये लगाकर 29 लाख की लागत से बनाने की योजना है। महतारी सदन बनाने का उद्देश्य 2 लाख 60 हजार महिला स्व-सहायता समूह बने हैं। गांवों में महिलाओं के स्व-सहायता समूह के क्रियाकलापों के लिए जगह नहीं मिल पाती, इसलिए इसको शुरू किया गया है। गृह मंत्री ने बताया कि सीएलएफ हेडक्वॉर्टर में पहले ये बन जाए। विशेष कोई बड़ा गांव या बड़ी मांग है, तो वहां भी बनाया जा रहा है।

## विधायक ने वैशालीनगर में मांगा 100 बिस्तर का अस्पताल, मंत्री ने कहा- वहां खोलना संभव नहीं

विधानसभा में भाजपा विधायक रिकेश सेन ने अपने विधानसभा क्षेत्र में 100 बिस्तरों के अस्पताल को लेकर कहा, भिलाई नगर और वैशाली नगर दोनों विधानसभा मिलाकर 6 लाख से ज्यादा की आबादी है। इन जगहों पर एक भी 100 बिस्तरों का अस्पताल नहीं है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल सिटी से 10 किलोमीटर दूर है। ऐसे में जवाहर नगर और भिलाई की जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने अस्पताल खोलने के नियम और शर्तों को लेकर भी सवाल स्वास्थ्य मंत्री से पूछा। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने जवाब में कहा, जिस क्षेत्र की जानकारी वो दे रहे हैं, वहां पर मेडिकल कॉलेज के अलावा जिला अस्पताल और सुपेला लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल है। ऐसे में 100 बिस्तरों का नया अस्पताल खोलना मुनासिब नहीं है। लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में पर्याप्त संख्या में ओपीडी अटेंड किया जाता है। साथ ही सुपेला अस्पताल में पर्याप्त संख्या में स्टाफ है, इसलिए 100 बिस्तरों का नया अस्पताल नहीं बनाया जा सकता।



### स्वास्थ्य मंत्री से कहा-आपका क्षेत्र होता तो ध्यान नहीं देते क्या?

जवाब के बाद रिकेश सेन ने पूछा कि सुपेला अस्पताल को ही 100 बिस्तरों का अस्पताल बना दीजिए। यहां वो सुविधाएं दे दीजिए जो लोगों के लिए जरूरी हों। सिर्फ घोषणा करके इस अस्पताल की अनदेखी ना हो, इस बात का ध्यान रखा जाए। क्या आपके विधानसभा क्षेत्र में ऐसी स्थिति होती, तो क्या आप इस ओर ध्यान नहीं देते?

## पुलिस भर्ती में 95 हजार वीडियो देखे गए हैं, फिर कार्रवाई की गई

विधानसभा में पुलिस भर्ती और उसमें शिकायतों के मामले में कांग्रेस विधायक द्वारकाधीश यादव ने सवाल उठाते हुए कहा, आपने आरक्षक पर कार्रवाई की, लेकिन क्या आरक्षक गड़बड़ी कर सकता है? सक्षम अधिकारी पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? मामले की सीबीआई से जांच कराई जाए। गृह मंत्री ने कहा, शिकायत पर परीक्षा को ही निरस्त कर दिया गया। बिलासपुर में 129 प्रकरण पाए गए। मामले में 95 हजार वीडियो देखे गए हैं, फिर कार्रवाई की गई। गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा, अच्छा है अब विपक्ष को अब केंद्रीय एजेंसियों पर भरोसा हो गया है। मामले में आईजी खुद जांच कर रहे हैं। 16 लोग जेल में हैं। दोषियों पर निश्चित ही कार्रवाई होगी। कांग्रेस विधायक ने प्रश्नकाल में पुलिस भर्ती का मुद्दा उठाते हुए पूछा कि फरवरी 2025 तक रिक्त पदों की संख्या कितनी है? कब तक पर्याप्त भर्ती होगी? इसके साथ भर्ती में त्रुटि और कार्यवाही और जिले वार भर्ती की जानकारी मांगी।



### सीबीआई से जांच पर बोले गृह मंत्री- अब विपक्ष को केंद्रीय एजेंसियों पर भरोसा

मामला न्यायालय में है, इसलिए बहुत कुछ नहीं कह सकता हूं। विधायक ने कहा कार्रवाई जो हुई सिर्फ आरक्षक पर हुई। अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस मामले में सीबीआई जांच होनी चाहिए। विजय शर्मा ने कहा, अच्छा है अब सदन के विपक्षी सदस्यों को अब केंद्रीय एजेंसियों पर भरोसा हो गया है। यह वही भर्ती है, जो आपकी सरकार में नहीं हो सकी। हमने कोई भी कार्रवाई छिपाई नहीं, बल्कि हाईकोर्ट में जाकर 129 प्रकरण हमने पुटअप किए हैं। हमने जिसको दोषी पाया, उस पर कार्रवाई की है।

## आरएसएस की 21 से बेंगलुरु में बड़ी बैठक, भाजपा के राज्यों के संगठन और क्षेत्रीय महामंत्रियों पर भी होगा मंथन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बेंगलुरु में राष्ट्रीय स्तर की प्रतिनिधि सभा की बैठक 21 से 23 मार्च तक होगी। इस बैठक में कई बड़े फैसले होंगे। जहां भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के लिए सह संगठन महामंत्रियों पर मंथन होगा, वहीं भाजपा के राज्यों के संघों में संगठन महामंत्रियों के साथ ही क्षेत्रीय संगठन महामंत्रियों को लेकर भी चर्चा होगी। कई राज्यों में आरएसएस से जुड़े संगठन महामंत्रियों को बदलने पर भी चर्चा होगी। सभा में शामिल होने के लिए आरएसएस के प्रदेश पदाधिकारी भी जाएंगे। इस सभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी शामिल होंगे। सभा में आरएसएस के शताब्दी वर्ष में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी योजना तैयार होगी। आरएसएस से भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के साथ ही राज्यों के संगठनों में भी आरएसएस से जुड़े स्वयंसेवकों को पदाधिकारी बनाया जाता है। इस समय राष्ट्रीय संगठन में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश हैं। एक और राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री रहे सौदान सिंह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बन गए हैं। संभावना जताई जा रही है कि आरएसएस की राष्ट्रीय सभा की बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के लिए सह संगठन महामंत्री भी तय किए जा सकते हैं।



▪ शताब्दी वर्ष में होने वाले कार्यक्रमों पर भी होगी चर्चा

### संगठन महामंत्रियों पर होगा मंथन

जानकारों का कहना है कि आरएसएस की बैठक में इस समय भाजपा के राज्यों के संगठन में जो भी संगठन महामंत्री और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री हैं, उसको लेकर भी बड़ा मंथन होगा। कई राज्यों के राज्य संगठन महामंत्री और क्षेत्रीय संगठन महामंत्रियों को बदलने पर मंथन होगा। छत्तीसगढ़ में इस समय जहां क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल हैं, वहीं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय हैं। किस राज्य में किनको संगठन महामंत्री और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री बनाया जाएगा, इसका बड़ा फैसला हो सकता है। कुछ राज्यों के संगठन महामंत्रियों को दूसरे राज्यों में भेजा सकता है। कुछ राज्यों में नए संगठन महामंत्री भी बनाए जा सकते हैं। जिन राज्यो में लंबे समय से संगठन महामंत्री हैं, उनको बदलने पर भी विचार होगा।



# 5 मिनट में एक उत्तरपुस्तिका जांचने का आदेश, निजी विवि के प्राध्यापक जांच रहे कॉपियां!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय मूल्यांकन के लिए रविवि को प्राध्यापक नहीं मिल रहे हैं। स्वेच्छा से शिक्षकों के मूल्यांकन के लिए नहीं पहुंचने पर रविवि ने महाविद्यालयों के उन प्राध्यापकों को खत लिखा है जो मूल्यांकन के लिए पात्र हैं।

- केंद्रीय मूल्यांकन के लिए पात्र प्राध्यापकों की बनाई गई सूची

महाविद्यालयीन स्तर पर उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन उन्हीं प्राध्यापकों द्वारा किया जा सकता है, जिनके पास कम से कम तीन वर्ष का अध्यापन अनुभव हो। शासकीय व निजी दोनों ही महाविद्यालयों के शिक्षकों को यह खत गोपनीय विभाग द्वारा जारी किया गया है। इस खत में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि एक दिन में 90 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना अनिवार्य है।

यदि प्राध्यापक बगैर ब्रेक लिए आठ घंटे भी ड्यूटी करते हैं, तो उन्हें रविवि के नियमानुसार एक उत्तरपुस्तिका पांच मिनट में जांचनी होगी। ऐसे में इस नियम को लेकर प्राध्यापकों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि पांच मिनट में एक उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन गुणवत्तापूर्ण तरीके से करना संभव नहीं है। विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## रविवि का नया फरमान, खत से हैरान महाविद्यालयीन प्राध्यापक

### महाविद्यालयों और विवि में तनातनी

शिक्षकों को खत लिखे जाने के बाद महाविद्यालयों और विवि प्रबंधन में तनातनी की स्थिति निर्मित हो गई है। विवि द्वारा महाविद्यालयों से कहा जा रहा है कि वे अपने शिक्षकों को पूर्णकालिक रूप से मूल्यांकन कार्य के लिए भेजें। वहीं महाविद्यालयों का कहना है कि परीक्षा कार्यों के चलते और सेमेस्टर कक्षाओं के कारण शिक्षकों को पूर्ण अवधि के लिए मूल्यांकन कार्य में भेजना संभव नहीं है। कई महाविद्यालय परीक्षा कार्य में नियुक्त शिक्षकों को पदभार मुक्त नहीं कर रहे हैं।



### यह दूसरा वर्ष

रविवि द्वारा केंद्रीय मूल्यांकन कराए जाने का यह दूसरा वर्ष है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के कारण इस बार सभी संकायों की प्रथम वर्ष की परीक्षा सत्र में दो बार आयोजित की जा रही है। ग्रीष्मकालीन अवकाश ना होने के कारण छात्रों की नियमित कक्षाएं भी संचालित करनी पड़ रही है। परीक्षा कार्य में हुई वृद्धि के चलते भी मूल्यांकन के लिए शिक्षकों का अभाव हो गया है। कई महाविद्यालय केंद्रीय मूल्यांकन का विरोध भी कर रहे हैं। वे पूर्व की तरह प्राध्यापकों को उत्तरपुस्तिकाएं घर ले जाने की अनुमति प्रदान करने के पक्षधर हैं ताकि वरिष्ठ प्राध्यापक सुविधानुसार कॉपियां जांच सकें।

## खबर संक्षेप



### हनुमान मंदिर में हुआ सुंदरकांड का पाठ

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के बूढ़ातालाब के पास स्थित श्री संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आशी बिटिया के जन्मदिन के अवसर पर किया गया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि जन्मदिन पर सुंदरकांड का पाठ करना एक शुभ और धार्मिक कार्य माना जाता है, जो हनुमानजी की कृपा प्राप्त करने और जीवन में सकारात्मकता लाने में मदद करता है। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ सुनने भारी संख्या में लोग शामिल हुए और जन्मदिन की बधाई दी। साथ ही प्रसाद भी वितरित किया गया।

### महिलाओं ने मनाया रंगपंचमी पर्व



**रायपुर।** महिला संगठन द्वारा मंगलवार को रंगपंचमी उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में महापौर मीनल चौबे, सुषमा तिवारी, इंद्राणी शर्मा, सरिता आकाश दुबे आदि शामिल रहे।

## निधन

### सनत सामंतो



**रायपुर।** कोटा कॉलोनी निवासी सनत सामंतो (80) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 मार्च को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजीव सामंतो, भाजपा नेता गोपाल सामंतो के पिता थे।

### शैलेष अवधिया



**रायपुर।** बालाजी विहार सेजबहार निवासी शैलेष अवधिया (44) का 18 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 मार्च को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे अभिलाषा अवधिया के पति और आर्यान्श तथा अर्श अवधिया के पिता थे।

### वीसी हार्डीकर



**रायपुर।** टैगोर नगर निवासी स्टेट बैंक आफ इंडिया के सेवानिवृत अधिकारी वीसी हार्डीकर (89) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 मार्च को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे मीना हार्डीकर के पति और संदीप, स्मिता पटवर्धन के पिता थे।

### जसपाल सिंघ घई



**रायपुर।** आमानाका निवासी सरदार जसपाल सिंघ घई (90) का 18 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 मार्च को दोपहर 12.30 बजे निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सरदारनी गुरजिंदर कौर घई के पति, गुरविंदर सिंघ एवं हरप्रीत सिंघ घई के पिता और डॉ. खुशबीर सिंघ गंडोक के ससुर थे।

# मौसम बदलने के आसार चार दिन अंधड़ और ओलावृष्टि की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारी गर्मी के बाद प्रदेश में अब मौसम बदलने के आसार बन रहे हैं। अगले चार दिनों तक अलग-अलग हिस्से में बादल छाने, बारिश होने और अंधड़ के साथ ओलावृष्टि की संभावना है। दिन में गर्मी और दोपहर बाद मौसम के तेवर अलग होंगे। पूर्व ईरान के आसपास बने चक्रवाती घेरा और मध्य छत्तीसगढ़ से कर्नाटक तक बनी द्रोणिका के प्रभाव से मौसम बदलेगा। पिछले तीन-चार दिनों से प्रदेश में गर्मी के उग्र तेवर हैं। मंगलवार को भी जगदलपुर और रायपुर का अधिकतम तापमान 38.6 और 38.5 दर्ज किया गया। कल की तुलना में पारा थोड़ा नीचे तो रहा, मगर इससे ज्यादा बदलाव नहीं हुआ। दोपहर में तेज धूप रही और गर्म हवा लोगों को परेशान करती रही। मौसम विशेषज्ञों की मानें, तो अगले चार दिनों तक प्रदेश के मौसम में बदलाव और गर्मी से थोड़ी राहत रहने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के असर से बुधवार 19 मार्च को दोपहर बाद अंधड़ चलने, हल्की बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। प्रभावित इलाका मुंगेली जिले के आसपास रहेगा। इसी तरह 20 और 21 मार्च मध्य इलाके में वर्षा होने के आसार हैं। 22 मार्च को दक्षिणी भाग भी दोपहर बाद होने वाली हल्की बारिश में भीग सकता है।

- पश्चिमी विक्षोभ के मध्य छत्तीसगढ़ के ऊपर द्रोणिका का प्रभाव

### गर्मी में थोड़ी नरमी

| | | | |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 38.5 | अंबिकापुर | 34.0 |
| माना | 37.6 | जगदलपुर | 38.6 |
| बिलासपुर | 38.1 | दुर्ग | 37.2 |
| पेंड्रा | 35.0 | | |

## कल होगा चुनाव, भाजपा के पास अब 9 सदस्यों के साथ बहुमत

# रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में भाजपा का पलड़ा भारी

## जोगी कांग्रेस के संदीप यदु भी आए साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के प्रतिष्ठित जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में अब भाजपा का पलड़ा भारी हो गया है। जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव में भाजपा के आठ सदस्य जीते थे, छह कांग्रेस के और दो अन्य जीते थे। इनमें से एक जोगी कांग्रेस के संदीप यदु ने मंगलवार को भाजपा का दामन थाम लिया। उनको भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सिंह ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। इसी के साथ अब भाजपा के पास 9 सदस्य हो गए हैं। वैसे भाजपा का यह दावा है कि एक और निर्दलीय भी उनके साथ है और उनके पास दस सदस्य हैं।

पंचायत चुनाव में भी भाजपा को बड़ी सफलता मिली है। इसके बाद जनपद पंचायत और जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भी भाजपा को बड़ी जीत मिली। भाजपा ने 33 जिलों में से 31 में बहुमत होने का दावा किया था। भाजपा को इन जिलों में जीत भी मिली। भाजपा के पास रायपुर और सुकमा में बहुमत नहीं था। यहां पर बहुमत के लिए भाजपा लगातार प्रयास करती रही, इसके कारण यहां होने वाले चुनाव की तिथि को भी दो बार टाला गया। अब भाजपा ने रायपुर में बहुमत जुटा लिया है। रायपुर का चुनाव 20 मार्च को होगा।



**किरण देव ने दिलाई सदस्यता**

रायपुर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-01 से जनता कांग्रेस (जोगी) की टिकट पर निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य संदीप यदु ने मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के सामने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। किरण देव से संदीप यदु को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा,रायपुर जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर विधायकगण मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब व इंद्रकुमार साहू, रायपुर (ग्रामीण) जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम नारंग, सहित अन्य नेतागण, जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे। श्री देव ने इस मौके पर कहा, भाजपा की रीति-नीति से लोग प्रभावित हो रहे हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यों एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में सभी वर्ग के कल्याण और विकास के लिए कार्य हो रहे हैं, जिसकी वजह से लोग लगातार भाजपा से जुड़े रहे हैं।

# राजधानी रायपुर में सोना अब 91 हजार भी पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने की कीमत नए साल में बहुत तेजी से बढ़ रही है। नए साल में अब तक करीब 13 हजार रुपए दाम बढ़ चुके हैं। सोना पहली बार 91 हजार रुपए पार हो गया है। अब कभी भी कीमत 92 हजार के भी पार हो जाएगी। इस साल सोने की कीमत एक लाख तक जाने की संभावना है। चांदी की कीमत भी एक लाख के पार हो गई है। हालांकि बीते साल भी चांदी की कीमत एक लाख के पार गई है, लेकिन अब रिकॉर्ड कीमत हो गई है।



सोना बीते सप्ताह शनिवार को बाजार बंद होने पर 90650 रुपए था। सोमवार को बाजार खुलने पर कीमत पचास रुपए होकर 90600 रुपए हो गई। मंगलवार को कीमत में 700 रुपए की तेजी आने के कारण कीमत 91 हजार पार होकर जीएसटी के साथ 91300 रुपए हो गई है। इसी के साथ चांदी की कीमत 103300 रुपए हो गई है। एक ही दिन में चांदी की कीमत में 11 सौ रुपए का इजाफा हुआ है। नए साल के पहले बीते 31 दिसंबर को सोने की कीमत 78400 रुपए थी। नए साल में पहले ही दिन से सोने की कीमत में इजाफा होना प्रारंभ हुआ। 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। 7 जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और फिर माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 रही। फरवरी में करीब पांच हजार दाम बढ़े और कीमत 89 हजार तक गई।

# संतान सुख का झांसा देकर दो आईवीएफ सेंटर ने वसूले लाखों रुपए, लाइसेंस रद्द करने महिला आयोग करेगा अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संतान सुख का सपना दिखाकर राजधानी के दो आईवीएफ सेंटर ने इलाज के नाम पर लाखों रुपए वसूल लिए। 20.80 लाख रुपए वसूलने के बावजूद लापरवाही बरतकर महिला के 11 भ्रूण को नष्ट कर दिया गया।

- 18 लाख रुपए वसूल कर नष्ट कर दिए 11 भ्रूण, पुनः प्रत्यारोपण करने का आदेश

महिला आयोग ने मामले की सुनवाई के बाद महिला को 2.80 लाख रुपए माहभर के भीतर वापस करने और पुनः भ्रूण प्रत्यारोपण करने का आदेश दिया है। संतान प्राप्ति की प्रक्रिया शुरू नहीं करने पर 18 लाख रुपए वापस देना होगा।

महिला आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक ने बताया कि अगर आईवीएफ सेंटर निर्देश का पालन नहीं करते हैं, तो दोनों चिकित्सकीय संस्थान का लाइसेंस समाप्त किए जाने की अनुशंसा ऑल इंडिया मेडिकल काउंसिल नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ के साथ सचिव स्वास्थ्य को पत्र भेजकर की जाएगी। मां बनने की चाहत में ठगी का शिकार हुई महिला ने न्याय के लिए महिला आयोग में शिकायत की थी। उनसे बताया कि मोवा और बैरन बाजार के दो आईवीएफ सेंटर में संतान प्राप्ति की खातिर उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उसने एक संस्थान में 18 लाख और दूसरे में 2.80 लाख रुपए खर्च किए थे। इसके बाद भी उसका सपना पूरा नहीं हुआ। महिला आयोग ने मामले में दोनों पक्षों की कई दौर में सुनवाई करने के बाद अपना फैसला सुनाया। इसमें एक आईवीएफ सेंटर को निर्देशित किया गया है कि आवेदिका के मां बनने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करें।

ऐसा नहीं किए जाने पर उसके उपचार प्रक्रिया में खर्च 18 लाख की राशि महिला को वापस करें। शेष 2.80 लाख रुपए एक महीने के भीतर दोनों आईवीएफ सेंटर मिलकर आयोग के समक्ष आवेदिका को वापस करेंगे।

# सभापति सूर्यकांत राठौर ने गांधी सदन के सभापति कक्ष में सपरिवार की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम में नवनिर्वाचित सभापति सूर्यकांत राठौर ने मंगलवार को गांधी सदन के सभापति कक्ष में परिवार के साथ पूजा अर्चना की। इस मौके पर आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शंख ध्वनि के बीच विधि-विधान से पूजन कराया गया। बुधवार को निगम सभापति दोपहर 12 बजे सभापति कक्ष में पदभार ग्रहण करेंगे। प्रदेश के सबसे बड़े नगर निगम में डेढ़ दशक बाद शहरी सत्ता पर भाजपा की धमाकेदार वापसी के बाद महापौर मीनल चौबे ने हाल ही में महापौर कक्ष में उत्साहमय माहौल के बीच महापौर का पदभार ग्रहण किया। इसके बाद सोमवार को उन्होंने एमआईसी का गठन करते हुये 14 सदस्यीय टीम में शामिल सदस्यों और उन्हें आवंटित विभाग के नाम का ऐलान किया।

- बुधवार को करेंगे पदभार ग्रहण

अब भाजपा के वरिष्ठ पार्षद एवं नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर बुधवार को सभापति कक्ष में पदभार ग्रहण करेंगे। इससे पहले उन्होंने मंगलवार को सभापति कक्ष में परिवार के साथ विधि-विधान से पूजा अर्चना की। इस मौके पर शहर भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, एमआईसी सदस्य संजना हियाल, अमर गिदवानी, महेन्द्र खोडियार ने सभापति को बुके प्रदान कर हार्दिक बधाई दी।

# कचना में लूट के दौरान हत्या, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कचना-सड्डू मार्ग पर मोबाइल की लूट और इस घटना के दौरान एक लुटेरे की हत्या के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चाकू की नोक पर मोबाइल की लूट की घटना में शामिल मृतक ओगेंद्र साहू के साथी रोहित धीवर और शानू कुमार के विरुद्ध धारा 309(6), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है, वहीं ओगेंद्र की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में प्रीतम साहू एवं ओमप्रकाश साहू के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 109, 3(5), 103(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

पुलिस ने इस घटना का खुलासा करते हुए बताया कि कचना-सड्डू मुख्य मार्ग पर हमिंग संजीवा बिल्डिंग के सामने रात लगभग 10 बजे रोहित धीवर निवासी मंडलपारा कचना अपने दोस्त ओगेन्द्र एवं शानू के साथ लूट करने के इरादे से खड़ा था। इसी दौरान दोपहिया वाहन में सवार प्रीतम निवासी पीएम आवास सत्यम नगर अपने साथी ओमप्रकाश के साथ मोवा सड्डू की तरफ से एक्टिवा वाहन से आ रहा था। दोनों जैसे ही घटना स्थल पहुंचे, तीनों आरोपियों ने उसका रास्ता रोक लिया और उसके वाहन से चाबी निकाल ली।



### घटना में प्रयुक्त वाहन-मोबाइल जब्त

पुलिस ने इस घटना में प्रयुक्त मोबाइल और वाहन जब्त किया है। आरोपी प्रीतम एवं ओमप्रकाश के कब्जे से घटना से संबंधित एक दोपहिया वाहन तथा रोहित एवं शानू के कब्जे से एक मोबाइल जब्त किया है।

## बिजनेस साइट

### बाजार में उतार-चढ़ाव एसेट एलोकेशन फंड के लिए सही साबित हो रहा

**रायपुर।** "एसेट एलोकेशन" की रणनीति, जिसे एक समय काफी पीछे धकेल दिया गया था क्योंकि बाजार सुधार के प्रति काफी मजबूत और सुरक्षित लग रहे थे। वह रणनीति अब, टैरिफ वॉर, कम हो रहे कॉर्पोरेट लाभ और जीडीपी ग्रोथ के कारण मंदी की आशंकाओं के आगमन के कारण बाजार के पतन के मद्देनजर एक बार फिर सुर्खियों में आ गई है। कई निवेशक, थोड़े समय के लिए, केवल इक्विटी पर ही केंद्रित थे, आकर्षक शॉर्टटर्म रिटर्न से चकाचौंध थे और इस तरह अन्य एसेट क्लासेज को पूरी तरह से भूल गए थे, वे अब वापसी कर रहे हैं।



**अजय तलरेजा**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रायपुर

जैसे-जैसे स्टॉक की कीमतें गिरती गईं और प्रमुख इक्विटी इंडेक्स सितंबर 2024 में अपने चरम से 14 फीसदी तक नीचे आ गए, ऐसे में इसका असर बहुत बुरा रहा, खासकर मिडकैप और स्मॉल कैप स्टॉक के लिए, जिनमें से कुछ ने अपने हाल के उच्च स्तर से 50 फीसदी तक की गिरावट का अनुभव किया। जैसे-जैसे पोर्टफोलियो रिटर्न बाजार के लाभ की ऊंचाइयों से घाटे की गहराई में स्थानांतरित होता है, बाजार मूल्य में 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक भाप के समान उड़ जाता है, निवेशक धीरे-धीरे एसेट एलोकेशन के वास्तविक मूल्य को समझ रहे हैं। यह रणनीति इस तथ्य की पुष्टि करती है उचित लॉन्गटर्म रिटर्न प्राप्त करने के लिए, किसी को कई एसेट वर्गों में विविधीकरण को अपनाना चाहिए। अनुभवों और मौजूद प्रमाणों से पता चलता है कि एसेट एलोकेशन लॉन्गटर्म पोर्टफोलियो रिटर्न का 90 फीसदी से अधिक हिस्सा है, जबकि सिक्योरिटी सिलेक्शन 3 फीसदी से कम योगदान देता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि प्रत्येक एसेट क्लास अलग-अलग बाजार चक्रों के दौरान अपने स्वयं के अनूठे तरीके से व्यवहार करता है, और एक चक्र के विजेता हमेशा अगले दौर के विजेता नहीं होते हैं। एसेट वर्गों का एक सोच-समझ कर तैयार किया गया मिक्स चाहे वह इक्विटी हो, बॉन्ड हो, सोना हो, समय के साथ स्थायी रिटर्न पैदा कर सकता है, साथ ही अस्थिरता के प्रभाव को कम कर सकता है, खासकर इक्विटी के अप्रत्याशित क्षेत्र में। उन निवेशकों के लिए जो खुद को कई एसेट वर्गों में फैले पोर्टफोलियो को तैयार करने की जटिलताओं में उलझा हुआ पाते हैं या मैक्रोइकॉनॉमिक ताकतों की गहरी समझ की कमी रखते हैं, एसेट एलोकेटर फंड एक उपयुक्त विकल्प प्रस्तुत करते हैं। एसेट एलोकेशन फंड आकर्षक हैं क्योंकि वे बाजार में समय की आवश्यकता को समाप्त करते हैं। एक्टिव एलोकेशन रणनीतियों के साथ, आप कभी भी निवेश कर सकते हैं, चाहे एसआईपी के माध्यम से या एकमुश्त निवेश के माध्यम से।

ऐसा ही एक फंड है आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट एलोकेटर फंड (एफओएफ), जिसमें निवेश पर विचार किया जा सकता है। यह फंड प्रमुख तौर पर इन-हाउस वैल्यूएशन मॉडल का उपयोग करके इक्विटी, डेट और गोल्ड म्यूचुअल फंड स्कीम / ईटीएफ में आवंटन को प्रभावशाली तौर पर एडजस्ट करता है। 28 फरवरी, 2025 तक, इसने 6.85 फीसदी का एक साल का रिटर्न दिया है, जिसमें तीन साल में 11.80 फीसदी और पांच साल में 13.69 फीसदी का मजबूत सीएजीआर रिटर्न है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला - रायपुर तहसील - धरसीवा प.ह.न. - 00014 नेउरडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202425440718000005

**ईश्तहार**

तहसील धरसीवा के प.ह.न. 00014 के अंतर्गत ग्राम नेउरडीह के वर्तमान भूमिस्वामी बिसौहा पिता/पति-पिरामदास पता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 38/1 (0.0120), 36 (0.0450), 85/4 (0.0240) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता लक्ष्मीबाई बंजारेपिता/पति स्व. बिसौहा राम बंजारे पता-सादेह, लक्ष्मीकांत बंजारे पिता/पति-स्व. बिसौहा राम बंजारे पता- सादेह के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26/03/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/03/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

RAJENDRA CHANDRAKAR
नायब तहसीलदार
उप तहसील सारागांव

## पेज 11 के शेष ...

### एसटीपी बना गले की...

और पुरानी बस्ती इलाके के खोखो तालाब की है। शहर के महाराजबंद तालाब, नरैया तालाब और खो-खो तालाब में जल शुद्धिकरण के लिए लगाये जाने वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का प्रोजेक्ट रायपुर स्मार्ट सिटी के लिए गले की फांस बन रह गया है। पुणे की एजेंसी 20 करोड़ के इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में हांफ गई है। महाराजबंद तालाब में कीचड़ और गंदगी के साथ जलकुंभी वाले हिस्से में तालाब का पानी सूखता जा रहा है। भैंस डूबने लायक पानी उस हिस्से में नहीं बचा। स्मार्ट सिटी के अफसर द्वारा ठेका एजेंसी को बार-बार चेतावनी के बाद उसने काम की रफ्तार नहीं बढ़ाई। वहीं एक साथ तीन तालाबों में एसटीपी का ठेका लेने वाली एजेंसी का ठेका निरस्त कर नया टेंडर देने की स्थिति में स्मार्ट सिटी नहीं है। सूत्रों के मुताबिक विभाग के स्मार्ट सिटी एसटीपी के आधे अधूरे काम को पूरा कराने अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से सब कांट्रेक्टर बुलाने की तैयारी है। दरअसल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शहर के 3 तालाबों का भूजल स्तर बनाये रखने और गंदे पानी के शुद्धिकरण करने 20 करोड़ की लागत से 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने पुणे की एजेंसी को 2 साल पहले ठेका दिया। 18 माह की समय अवधि में यह काम पूरा करना था, पर 2 साल बाद भी काम अधूरा पड़ा है। ऐतिहासिक महाराजबंद तालाब में 3 नालों का गंदा पानी तालाब के जल को दूषित कर रहा है। इसमें वीरभद्र नगर, बूढ़ातालाब नाला और पुलिस लाइन की तरफ से पुजारी पार्क से क्रॉस होने वाले नाले का पानी जा रहा है। इसके शुद्धिकरण के लिए 3 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जा रहा है। इसी तरह नरैया तालाब और खो-खो तालाब में 1-1 एमएलडी एसटीपी निर्माण कार्य कराया जा रहा है, निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से कराये जाने से प्रोजेक्ट अब तक पूरा नहीं हो पाया। इसे लेकर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों व ठेकेदारों की बैठक में एसटीपी निर्माण कार्य में लेटलतीफी को लेकर संबंधित एजेंसी को जमकर फटकार भी लगाई। काम में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर अंतिम नोटिस दिया गया। वहीं प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने उससे प्रोग्रेस रिपोर्ट भी मांगी।

### टेंट हाउस के गोदाम...

अन्य सामान भी वहां रखे होते। आग गोदाम में कैसे लगी, पुलिस की प्रारंभिक जांच में इसका पता चल नहीं पाया है। वीरभद्र नगर स्थित मेन रोड से लगी प्रियंका किराया भंडार एवं केटरर्स की दुकान है। यह दुकान गुड्डू एवं हर्ष साहू की है। इस दुकान के बाजू गली है, जहां इनका गोदाम है। एक गोदाम में बांस-बल्ली, टेंट के कपड़े, प्लास्टिक कुर्सियां, कूलर सहित लोहे के अन्य सामान रखे हुए थे, वहीं दूसरे गोदाम में केटरर्स के सभी सामान के अलावा गद्दे सहित अन्य महंगे सामान रखे हुए थे। आग बांस-बल्ली वाले गोदाम में लगी। बताया गया कि आग शाम करीब 4 बजे सबसे पहले गोदाम में रखे कपड़ों पर लगी, जिसके कारण कुछ मिनटों में आग फैल गई और बांस-बल्लियों के साथ कुर्सियों तक जा फैली। इधर आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां भी तत्काल मौके पर पहुंचीं और भारी मशक्कत कर दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाते हुए उसे बुझाया। **और बड़े हादसे का कारण बन सकती थी आगजनी :** आगजनी की घटना और ज्यादा बड़ी हो सकती थी। जिस गोदाम में आग लगी, उसके अगल-बगल भी कई दुकानें और मकान हैं। आग की लपटें अगर अगल-बगल की दुकान या घर तक पहुंचती, तो यह घटना और बड़ी हो सकती थी, जिसके कारण और ज्यादा नुकसान एवं जनहानि भी हो सकती थी। फिलहाल आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे न ही कोई हताहत या जनहानि हुई, बल्कि नुकसान भी कम हुआ।

### पांचवी में मनमानी के...

को छूट प्रदान की गई थी। नकल के अलावा कई विद्यालयों में आधी-अधूरी तैयारियों से भी बच्चों को जूझना पड़ा। कक्ष में पानी नहीं मिलने से लेकर टूटे-फूटे बेंच तक की शिकायतें छात्रों की रहीं। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा बनाई गई उड़नदस्ते की टीम ने शहर के विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिला शिक्षा कार्यालय के अनुसार, एक भी नकल प्रकरण गणित की परीक्षा में नहीं बना है। आंकड़ों के मुताबिक, जिले के 491 शासकीय विद्यालयों में आठवीं कक्षा की पढ़ाई होती है, जहां 23 हजार 666 छात्र अध्ययनरत हैं। 100 प्रतिशत उपस्थिति कुछ ही स्कूलों में रही। 1-2 प्रतिशत छात्रों के अनुपस्थित रहने की सूचना जिला शिक्षा कार्यालय को मिली है। **परिणाम के बाद लगेंगी कक्षाएं :** आयोजित हो रही परीक्षा में यदि कोई विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हो जाता है तो उसे फेल घोषित नहीं किया जाएगा। अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए एक माह तक कक्षाएं संचालित करने के बाद दोबारा परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। यदि विद्यार्थी इसमें भी अनुत्तीर्ण हो जाते हैं तब भी उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश से नहीं रोका जाएगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सचिन पायलट आज आएंगे पदाधिकारियों की लेंगे बैठक



**रायपुर।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट बुधवार को छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे। यहां पहुंचने के बाद वे शराब घोटाले में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद पूर्व मंत्री कवासी लखमा से मुलाकात करेंगे। वहीं दोपहर 2 बजे कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें प्रदेश के तीनों सह-प्रभारी, पीसीसी अध्यक्ष, सदस्य और वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि निकाय चुनाव के बाद यह सचिन पायलट का पहला छत्तीसगढ़ दौरा होगा। बैठक में संगठन में बदलाव, नई नियुक्तियां और हाल ही में हुई चुनावी हार की समीक्षा पर चर्चा हो सकती है। बैठक के बाद शाम 5 बजे सचिन पायलट दिल्ली लौट जाएंगे।

### निर्वाचन आयोग वोटर आईडी को आधार से जोड़ने करेगा कार्यवाही

**रायपुर।** देश के निर्वाचन आयोग ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी के साथ मंगलवार को नई दिल्ली के निर्वाचन सदन में केंद्रीय गृह सचिव, सचिव विधायी विभाग, सचिव मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और सीईओ, यूआईडीएआई और निर्वाचन आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ बैठक की। देश के संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार, मतदान का अधिकार केवल भारत के नागरिक को दिया जा सकता है; आधार कार्ड व्यक्ति की पहचान स्थापित करता है। इसीलिए यह निर्णय लिया गया कि मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने का काम संविधान के अनुच्छेद 326, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23(4), 23(5) और 23(6) के प्रावधानों के अनुसार तथा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुरूप ही किया जाएगा। तदनुसार यूआईडीएआई और निर्वाचन आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के बीच तकनीकी परामर्श जल्द ही शुरू होने वाला है।

### राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने कर्तव्य अग्रवाल



**रायपुर।** अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के कर्तव्य अग्रवाल राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ को महत्व दिया गया है। उनकी नियुक्ति 3 साल के लिए की गई है। अध्यक्ष हेमराज जिंदल एवं राष्ट्रीय युवा महामंत्री राजेश अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपालशरण गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल की सहमति और प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद जैन की अनुशंसा से छत्तीसगढ़ के प्रदेश युवा चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल को अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन ने दिल्ली का राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश इकाई के युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि उनकी नियुक्ति 3 साल के लिए होगी। राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ को महत्व दिये जाने से युवाओं में नया जोश आया है।

# एनआरआई की 5 सहित 30 सीटों का आवंटन, अभी भी एमडी-एमएस की 48 बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चार दौर की काउंसिलिंग के बाद निजी कालेजों में खाली बची एनआरआई कोटे की पांच सहित 30 सीटों पर एडमिशन के लिए आंवटन सूची जारी कर दी गई है। स्पेशल स्ट्रे राउंड में सीटों के अलॉटमेंट के बाद भी मेडिकल कालेजों में एमडी-एमएस की 48 सीटें बाकी हैं। इस विशेष स्ट्रे राउंड के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने नया आवेदन मंगाया था, प्रवेश की अंतिम तारीख 20 मार्च तय की गई है।


राज्य के निजी मेडिकल कालेजों में पीजी की सीटों पर एडमिशन के लिए इस बार चिकित्सा शिक्षा विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। दो दौर की नियमित फिर मॉपअप राउंड की काउंसिलिंग के बाद स्ट्रे राउंड और अब स्पेशल राउंड के जरिए खाली बची सीटों पर एडमिशन का प्रयास किया जा रहा है। होली के दौरान संस्था चयन के साथ मंगाए गए नए ऑनलाइन आवेदन के आधार पर मंगलवार को आवंटन सूची जारी कर दी गई। स्ट्रे राउंड के बाद पांच शासकीय सहित आठ चिकित्सा महाविद्यालयों में एमडी-एमएस की सीटें बाकी थीं।

नए आवेदन के बाद भी 30 सीटों के लिए अभ्यर्थी मिले जिन्हें सीट आवंटित की गई है और 48 सीट खाली बची है। आवंटित सीटों पर एडमिशन 20 मार्च तक दिया जाएगा, इसके बाद यह तय हो पाएगा कि इस सीजन में कितने सीटें एडमिशन से बच गई हैं। स्पेशल स्ट्रे राउंड के लिए निजी कालेजों की रिक्त पांच एनआरआई कोटे का आवंटन किया गया है और शेष 25 सीटें राज्य कोटे से संबंधित है। आवंटन के बाद जो सीटें खाली बची है वे सभी नॉन क्लीनिकल हैं।

**20 मार्च तक होगा प्रवेश, स्पेशल स्ट्रे राउंड के लिए कराया गया था नया आवेदन**

### 5 परेंसटाइल आधार पर नया आवेदन

खाली सीटों पर एडमिशन के लिए संशोधित 5 परसेंटाइल के आधार पर नया आवेदन 13 से 15 मार्च तक मंगाया गया था। इनमें पंजीकृत सेवारत अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन जमा किया गया है। पुराने अनुभव के आधार पर सीख लेते हुए इन सर्विस अभ्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच की गई तो तीन अभ्यार्थियों के सेवा प्रमाण पत्र स्वास्थ्य संचालनालय से जारी नहीं मिले। इसकी वजह से काउंसिलिंग में इनकी श्रेणी में परिवर्तन किया गया।



### एडमिशन नहीं लिया तो अगली बार नीट नहीं

स्पेशल राउंड में जिन अभ्यार्थियों को सीटों का आवंटन हुआ है, उन्हें एडमिशन लेना अनिवार्य होगा। किसी कारण सीटें छोड़ने अथवा एडमिशन नहीं लेने वाले अभ्यर्थियों को वर्ष 2025 में होने वाले नीट की परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा। इसके अलावा उनके द्वारा जमा कराई गई पंजीयन राशि भी जब्त कर ली जाएगी। इस बार सीट त्यागने वालों को लेकर एनएमसी ने सख्त रवैया अपनाया है।

# भाजपा मनाएगी बिहार स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा प्रदेश में पहली बार 22 मार्च को राजधानी रायपुर में बिहार स्थापना दिवस मनाएगी। इसमें भाजपा के प्रदेश प्रभारी और बिहार के मंत्री नितिन नवीन भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की संस्कृति में रच बसकर विविध क्षेत्रों में बेहतर काम करके छत्तीसगढ़ और बिहार का मान बढ़ाने वाले कुशल लोगों का सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम को लेकर एकात्म परिसर में मंगलवार को बैठक की गई। इसमें तय किया गया, बिहार की सांस्कृतिक धरोहर और उसकी महत्ता को प्रसारित करने की दृष्टि से सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे भोजपुरी गीत, मैथिली गीत, पारंपरिक गीत आदि का प्रदर्शन किया जाएगा। इसी तारतम्य में बिहार के प्रदेश कोने के प्रसिद्ध पारंपरिक भोजन को भी परोसा जाएगा। पूरा कार्यक्रम इस वर्ष बिहार स्थापना दिवस के 2025 की थीम"उन्नत बिहार, विकसित बिहार" के इर्द - गिर्द रखा गया है, जिसका मूल उद्देश्य बिहार की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत, सतत विकास और उज्ज्वल भविष्य की संभावनाओं को उजागर करना है। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, सत्यम दुवा, अकबर अली भोजपुरी समाज के संयोजक राजेश सिंह, भोजपुरी समाज के संरक्षक रविंद्र सिंह, बीरेंद्र सिंह, शिलवंत राय, संजय सिंह, हरिशंकर पांडे, सरोज सिंह ,अखिलेश शिंह, अरुण झा, रविन्द्र शर्मा, वेदनारायण सिंह, अमित श्रीवास्तव , शिवजलम दुबे , रवि कुमार उपस्थित थे।

## माध्यमिक शिक्षा मंडल अगस्त-सितंबर में लेगा पर्चे, एससीईआरटी ने लिखा खत

# परीक्षा फॉर्म भरने के 24 घंटे पहले डीएलएड की 166 सीटों पर प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस बार डीएलएड की परीक्षाएं अगस्त-सितंबर में आयोजित की जाएंगी। इसके लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल को खत भी लिखा गया है। सामान्यः डीएलएड की परीक्षाएं जून में आयोजित की जाती हैं, लेकिन विलंब से हुए दाखिले के कारण इस बार परीक्षाएं भी देर से आयोजित की जाएंगी। दरअसल, शैक्षणिक सत्र 2024-25 में डीएलएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग अगस्त माह से प्रारंभ हुई थी। अक्टूबर माह तक चली प्रवेश प्रक्रिया के बाद रिक्त रह गई सीटों के लिए दोबारा प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने निजी महाविद्यालयों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

न्यायालय द्वारा दोबारा काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू करने आदेश दिए गए। इसके आधार पर एससीईआरटी ने अधिसूचना जारी करते हुए फरवरी अंत में काउंसिलिंग शुरू की। 26 फरवरी को रिक्त सीटों की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड की गई। 27 फरवरी को प्रतीक्षा सूी जारी की गई।

जिन अभ्यर्थियों के नाम प्रतीक्षा सूची में पूर्व से थे, केवल उन्हें ही 28 फरवरी को आवेदन करने की छूट दी गई। इसी दिन मेरिट लिस्ट जारी की गई। इसके पश्चात दस्तावेज सत्यापन, फीस सहित अन्य प्रक्रिया पूर्ण की गई।

■ प्रदेश में है डीएलएड की 6 हजार 700 सीटें, रिक्त सीटों के लिए 28 फरवरी को मांगे थे आवेदन



डीएलएड विद्यार्थियों को एडमिशन लेते ही भरना होगा परीक्षा फॉर्म, मात्र 28 दिन बाद दिलाएंगे परीक्षा!

अगस्त से शुरू हुई थी काउंसिलिंग, अब डीएलएड की खाली रह गई 142 सीटों पर फिर से प्रवेश

200 दिनों का पाठ्यक्रम 28 दिनों में

आज जारी होगी रिक्त सीटों की जानकारी

### 58 सीटें थीं रिक्त

प्रदेश में डीएलएड की 6 हजार 700 सीटें हैं। पहली बार हुई काउंसिलिंग में 58 सीटें ही खाली रह गई थीं। प्रवेश के बाद सीट छोड़ने के कारण रिक्त सीटों की संख्या बढ़कर 174 हो गई। इनमें से 166 सीटों में फरवरी अंत में दाखिले दिए। इस तरह से डीएलएड की 8 सीटें ही रिक्त हैं। इन छात्रों को कुछ दिनों की पढ़ाई के आधार पर ही परीक्षा में शामिल होना होगा।

### माशिम पहले ही जारी कर चुका था तिथि

डीएलएड परीक्षाओं का आयोजन माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा किया जाता है। मंडल द्वारा दोबारा काउंसिलिंग प्रारंभ होने के पूर्व ही परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी गई थी। प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करते ही 3 मार्च को कैंडिडेट्स को परीक्षा फॉर्म भरने पड़े। कोर्ट के आदेश के बाद एससीईआरटी ने खत लिखकर माशिम को अगस्त-सितंबर में डीएलएड परीक्षाएं आयोजित कराने कहा है। प्रवेश के दौरान दो बैच में परीक्षाएं आयोजित करने की बात सामने आ रही थी। अर्थात जिन्होंने बीते वर्ष अगस्त में प्रवेश लिया है, उनकी परीक्षा पहले आयोजित करने तथा इस वर्ष फरवरी में प्रवेश लेने वालों की परीक्षाएं बाद में आयोजित कराने की चर्चाएं थीं। अब स्थिति स्पष्ट कर दी गई है। सभी छात्रों की परीक्षाएं एक साथ ही होंगी।

# प्रशासनिक कार्य व्यवहार म छत्तीसगढ़ी पर कार्यशाला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा 'प्रशासनिक कार्य व्यवहार म छत्तीसगढ़ी' विषय में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में 300 से अधिक संचालनालयीन अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर में कार्यशाला के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा को राजकाज की भाषा बनाने के लिए शासकीय सेवकों को जागरूक करना मुख्य उद्देश्य था। प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ी भाषा का उपयोग करते हुए कार्यालयीन नोटशीट, अर्जित अवकाश तथा कार्यालयीन आदेश जारी करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डॉ. सुरेन्द्र दुबे द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा का कार्यालयीन कार्यों में ज्यादा से ज्यादा छत्तीसगढ़ी भाषा का उपयोग करने अनुरोध किया गया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का गठन कराने के लिए अथक प्रयास किया गया।

■ छत्तीसगढ़ी में नोटशीट, अर्जित अवकाश तथा कार्यालयीन आदेश जारी करने पर आयोग करेगा सम्मानित

आयोग के मध्य से छत्तीसगढ़ी भाषा को देश-विदेश में मान-सम्मान बढ़ाने के लिए वे निरंतर कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिये शासकीय कार्यालयों में महाअभियान चलाने की आवश्यकता है। आयोग के सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार ने छत्तीसगढ़ी में नोटशीट, अर्जित अवकाश तथा कार्यालयीन आदेश जारी करने के लिए शासकीय सेवकों का आह्वान किया। दो दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षक के तौर पर डॉ. तपेश चन्द्र गुप्ता, प्राचार्य छत्तीसगढ़ महाविद्यालय एवं ऋतुराज साहू ने अपनी सेवाएं दी।

# पहली बार मार्च में बिजली की खपत 64 सौ मेगावाट के करीब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मार्च में ही पारा लगातार आसमान पर जा रहा है। प्रदेश में कई स्थानों पर पारा अभी से 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। ऐसे में बिजली की खपत में भी लगातार गर्मी आ रही है। पूरे देश में इस समय बिजली की खपत बढ़ गई है। अपने राज्य में पहली बार मार्च में ही रिकॉर्ड खपत 63 सौ मेगावाट के पार होकर 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई है।

गर्मी में यह खपत 65 से 67 सौ मेगावाट तक जाएगी। ऐसे समय में अगर अपने संयंत्रों में खराबी आई, तो तय है कि बिजली संकट आएगा और कटौती भी करनी पड़ेगी। एक दिन पहले भी पांच सौ मेगावाट का एक संयंत्र बंद हो गया था। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से 42 सौ मेगावाट बिजली लेनी पड़ी। मंगलवार को भी श्यामा प्रसाद मुखर्जी संयंत्र का एक 250 मेगावाट का प्लांट बंद हो गया। इसकी वजह से सेंट्रल सेक्टर से ज्यादा बिजली लेनी पड़ी। गर्मी अब कब प्रारंभ हो जाए कहा नहीं जा सकता। बीते साल गर्मी ने फरवरी से तेवर दिखाए थे, लेकिन इस बार तो गर्मी जनवरी से ही पड़ने लगी। इसके बाद पहले फरवरी और अब मार्च में पारा और चढ़ने लगा है। पारा चढ़ने के कारण बिजली की खपत का भी पारा लगातार चढ़ रहा है। गर्मी बढ़ने के कारण अभी से प्रदेश भर में एसी और कूलर चलने लगे हैं। एसी और कूलरों के चलने के कारण खपत का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

### संकट संभव

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का तो दावा है कि गर्मी को देखते हुए बिजली की भरपूर व्यवस्था की गई है। इसमें संदेह नहीं है कि अगर खपत 65 सौ मेगावाट तक भी गई तो परेशानी नहीं होगी, क्योंकि अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट हो जाता है, लेकिन यह तब की स्थिति है जब पूरे संयंत्र चलते हैं। सभी संयंत्र चलते रहे तो सेंट्रल सेक्टर से चार हजार मेगावाट तक बिजली लेकर पूर्ति हो जाएगी, लेकिन अपने संयंत्रों में खराबी आने पर परेशानी हो सकती है। हमेशा गर्मी में अपने किसी न किसी संयंत्र में खराबी आती है। अभी तीन दिनों में ही दो संयंत्रों में खराबी आई है।

## चैंबर चुनाव में जय व्यापार पैनल और एकता पैनल

# ललित जैसिंघ लड़ेंगे चैंबर चुनाव, नामांकन खरीदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा नेता ललित जैसिंघ चैंबर चुनाव लड़ेंगे। मंगलवार को उन्होंने नामांकन खरीद लिया है। सूत्रों के मुताबिक वे अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए ललित जैसिंघ बुधवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज का चुनाव रोचक होने वाला है।

अभी तक मुख्य रूप से इस चुनाव में अमर पारवानी के जय व्यापार पैनल और भाजपा नेता व पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी के व्यापारी एकता पैनल चुनाव मैदान में सदस्यों के बीच चर्चा में बने। असमें से जय व्यापार पैनल ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। चैंबर के निवृतमान अध्यक्ष अमर पारवानी के जय व्यापार पैनल से प्रत्याशी सतीश थौरानी नामांकन दाखिल करने वाले हैं। इस बीच खबर आई कि अग्रवाल बिरादरी का एक अलग पैनल बन गया है। उनकी दावेदारी हो सकती है। चूंकि चैंबर चुनाव में दोनों ही पैनल से अग्रवाल समाज को तवज्जो नहीं दी गई इसलिए समाज जन इस बात को लेकर नाखुश रहे, लेकिन इस बीच अग्रवाल समाज से विजय अग्रवाल का वक्तव्य आया कि संयुक्त प्रत्याशियों को व्यापारिक हित में उनका समर्थन रहेगा।

### नामांकन के दूसरे दिन 3 फार्म दिए गए दो फार्म जमा



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव 2025 की प्रक्रिया के तहत नाम निर्देशन के दूसरे दिन मंगलवार को 3 नाम निर्देशन पत्र दिये गये। व दो नाम निर्देशन पत्र जमा हुये। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 मार्च को प्रातः11 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगी। चैंबर सभा भवन में नामांकन प्रक्रिया के समय मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्र गोलछा, बालकृष्ण दानी, महावीर तालेड़ा, अनिल जैन, संजय देशमुख, मुख्य निर्वाचन नियंत्रक एचएस कर, एवं चैंबर चुनाव कार्यालय प्रभारी एसएम रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# शीतला मंदिर से लाखेनगर चौक तक के मार्ग में सुगम आवागमन हुआ आसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

दुकानों का सामान सड़क पर रखकर दुकानदारी करने वालों पर निगम की नाफरमानी महंगी पड़ी। शीतला मंदिर पुरानी बस्ती से लाखे नगर चौक तक दुकानों के दार सड़क आवागमन का बाधित करने अपनी दुकान का सामान सड़क पर रखने से बाज नहीं आते। ऐसे डेढ़ दर्जन व्यापारियों से नगर निगम ने न केवल सड़क बाधा शुल्क वसूला, बल्कि आवागमन में बाधक सामग्री जब्त भी की। लंबे समय बाद निगम के इस अभियान को लेकर आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली।

■ दुकानों के बाहर सड़क पर रखी सामग्री हटाने और जब्त करने चला अभियान

नगर निगम जोन 5 के पुरानी बस्ती शीतला मंदिर से लाखे नगर चौक तक 17 व्यापारियों से सड़क आवागमन बाधित कर दुकान की सामग्री सड़क किनारे रखने और गंदगी फैलाने पर 17 हजार रुपये जुर्माना किया गया। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश अनुसार जोन 5 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के निर्देश पर जोन कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता कमलेश मिथिलेश , नागेश्वर रामटेके, उप अभियंता संस्कार शर्मा और जोन स्वास्थ अधिकारी संदीप वर्मा की टीम ने अभियान चलाकर आम जनता के लिए सुगम आवागमन की सुविधा दी।

### पुराना बस स्टैंड , एवरग्रीन चौक से बैजनाथ पारा तक अवैध पाटा तोड़े

नगर निगम जोन 4 अमले ने पुराना बस स्टैंड के पास मल्टीलेवल पार्किंग, एवरग्रीन चौक से बैजनाथपारा तक नालियों पर बनाये गये अवैध पाटा को तोड़ने की कार्रवाई की। साथ ही सड़क पर रखे सामान को जब्त किया। इन मुख्य व्यावसायिक क्षेत्रों में करीब 8 बड़े पाटे तोड़े गये। साथ ही सड़क पर कब्जा जमाकर यातायात बाधित करने वाले दुकानदारों के सामान की जब्ती की गई। अवैध ठेला व गुमटियों को हटाया गया। अभियान में करीब 8,500 रुपये का जुर्माना कब्जाधारियों पर लगाया गया है।

# खत्म नहीं होंगे जूनियर रेजीडेंट के पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरकारी मेडिकल कालेजों में जूनियर रेजीडेंट (जेआर) के पदों को समाप्त नहीं किया जाएगा। एमबीबीएस पास होने वाले डाक्टरों को इन पदों पर नियुक्ति दी जाएगी। कुछ समय पहले रायगढ़ मेडिकल कालेज प्रबंधन द्वारा जेआर के कुछ पदों को सरेंडर करने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त के भेजे गए पत्र के बाद विवाद खड़ा हो गया था। तर्क दिया गया था कि कालेज में पीजी की सीटें हैं इसलिए पद की जरूरत नहीं है।

चिकित्सा छात्र संगठनों ने इसका विरोध किया था जिसके बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह पद समाप्त नहीं होंगे।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411



# विधानसभा परिसर में तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ

**रायपुर।** विधान सभा परिसर स्थित ऐलोपैथिक चिकित्सालय में मंगलवार विधान सभा के सदस्यों के लिए आयोजित तीन दिवसीय "स्वास्थ्य परीक्षण शिविर" का शुभारंभ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप एवं लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया।



इस अवसर पर मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायकगण, विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा एवं स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया भी उपस्थित थे। यह शिविर 18 से 20 मार्च तक रहेगा। शिविर में पं. जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के विभिन्न विशेषज्ञ एवं चिकित्सक पूर्वान्हः 11 बजे से अपरान्ह 5 बजे के मध्य विधायकों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। "स्वास्थ्य परीक्षण शिविर" के शुभारंभ अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा मंत्री, श्याम बिहारी जायसवाल का स्वास्थ्य परीक्षण चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा किया गया।


online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई , 20 मई से 29 मई , 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।



अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 19 मार्च 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

### कैडेट्स ने जानी एयरक्रॉफ्ट के उड़ान भरने की प्रक्रिया

हवाई जहाज से नीचे का दृश्य व्यक्ति की कल्पना से अधिक सुंदर होता है, तब प्रकृति की साफ हवा आपको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है, ऐसा अहसास होता है। कैडेट रोमिल साहू ने बताया कि जशपुर स्थित हवाई पट्टी का प्रयोग एनसीसी एयरविंग के कैडेट्स कर रहे हैं। यह अवसर केवल बी और सी-सर्टिफिकेट के कैडेट्स को दिया जाता है। फाइटर पायलेट द्वारा विमान की जानकारी दी गई, इस मौके पर प्रत्येक कैडेट को चार शॉर्ट लगाने का अवसर दिया गया। इस दौरान एयरक्रॉफ्ट कैसे उड़ान भरता है? टेक ऑफ कैसे किया जाता है? जैसे अनेक विषयों की जानकारी दी गई।

## एजूकेशन अपडेट

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 31 तक आवेदन आमंत्रित




**रायपुर।** बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना शुरू की गई है। इस योजना के अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक कोडागांव में 31 मार्च तक प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी शिविर में उपस्थित होकर निशुल्क पंजीकरण व आवेदन कर सकते हैं। भारत सरकार प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 2025 युवा उम्मीदवारों के लिए बहुमूल्य कार्य अनुभव प्राप्त करने का एक अवसर है, जिसके तहत भारत सरकार के कार्पोरेट कार्य मंत्रालय की वेबसाइट http://www.pminternship.mca.gov.in पर 31 मार्च 2025 तक आवेदन किया जा सकता है। आवेदक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु 24 वर्ष निर्धारित है, जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा या स्नातक है।

### स्टाइपेंड 5 हजार रुपए प्रतिमाह देय

उम्मीदवार किसी भी पूर्णकालिक रोजगार या शैक्षिक कार्यक्रम में शामिल नहीं होना चाहिए एवं उसके पारिवारिक की आय वित्तीय वर्ष 2024-25 में 8 लाख से कम होनी चाहिए और उसके परिवार का कोई भी सदस्य स्थायी सरकारी पद पर नहीं होना चाहिए। प्रशिक्षु अवधि 12 माह एवं स्टाइपेंड 5 हजार रुपए प्रतिमाह देय होगा एवं 600 रुपये की राशि का वन टाइम ग्रांट प्राप्त होगा। आवेदक अपना पंजीयन इंटरनेट के माध्यम से स्वंय कर सकते है या किसी इंटरनेट कैफे, सीएससी, इंस्टीट्यूट के माध्यम से करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र एवं मॉडल कॅरियर सेण्टर कोण्डागांव से संपर्क कर सकते हैं।



नवा रायपुर के बाद अब जशपुर में भी फ्लाइंग प्रशिक्षण

# एसडब्ल्यू-80 से तैयार हो रहे वायुसेना के नए सितारे

राष्ट्रीय कैडेट कोर एमपी-सीजी समूह मुख्यालय द्वारा फ्लाइंग प्रशिक्षण के लिए जशपुर स्थित हवाई पट्टी पर प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। इससे पूर्व नवा रायपुर स्थित हवाई पट्टी पर प्रशिक्षण दिया जाता था, शासकीय विभाग और एनसीसी के नई पहल से प्रदेशभर के एयर विंग कैडेट्स को फायदा होने जा रहा है। यह बदलाव कैडेट्स की तरक्की और भविष्य को बेहतर बनाने में मदद करेगा, जिससे कैडेट्स का भारतीय वायुसेना में शामिल होने का सपना पूरा होने जा रहा है। शानदार आगाज का निरीक्षण करने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय यहां पहुंचे, जिन्होंने एनसीसी ग्रुप के कार्य को सराहा।

**रायपुर।** जशपुर स्थित हवाई अड्डे पर विमान के अनुकूल मौसम और हवाई पट्टी होने से प्रशिक्षण केंद्र का चयन किया गया है, जहां राजधानी के एयर विंग कैडेट्स का प्रशिक्षण निरंतर जारी है। इस मौके पर हरिभूमि टीम ने पायलेट और एयरविंग कैडेट्स से चर्चा की, जिन्होंने अब तक के हवाई सफर और प्रशिक्षण का अनुभव साझा किया। कैडेट्स के अनुसार प्रशिक्षण केंद्र में बदलाव होने से राज्य के प्रत्येक कैडेट्स को विमान उड़ाने का मौका मिलेगा।



### कैडेट्स के लिए एसडब्ल्यू-80 माइक्रोलाइट विमान

शासकीय विभागों के सहयोग से एनसीसी कैडेट्स को रायपुर के बाद जशपुर हवाई पट्टी पर उड़ान भरने का मौका दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ होते ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यहां जायजा लिया। इस अवसर पर एयरविंग कैडेट राहुल कुमार को 'एसडब्ल्यू-80 माइक्रोलाइट विमान' के इतिहास की जानकारी देने का अवसर दिया गया। हरिभूमि से चर्चा के दौरान कैडेट ने बताया कि हवाई पट्टी का फायदा प्रत्येक जिले के कैडेट्स को मिल रहा है। सीएम श्री साय के निरीक्षण से पहले भारतीय वायुसेना के पायलेट द्वारा गाइड किया गया, जिसमें एयरक्रॉफ्ट, विंग स्पीड, सावधानी, उड़ान की प्रक्रिया, औसत उड़ान अवधि की जानकारी दी गई। भविष्य में भारतीय वायुसेना में शामिल होने का सपना है, जिसके लिए एनसीसी मददगार साबित हो रही है।

### फाइटर पायलेट बनने का सपना

एयरविंग कैडेट गार्गी शर्मी ने बताया कि हवाई जहाज की सवारी का अपना एक अलग अनुभव है। भविष्य में भारतीय सेना में फाइटर पायलेट बनने का सपना है। प्रशिक्षण के दौरान उड़ान के सिद्धांत, थ्रस्ट, ड्रैग से संबंधित मूलभूत जानकारी की जानकारी दी गई। एयरविंग के कैडेट्स को तीन साल हवाई विमान संबंधित जानकारी दी जाती है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक बिदू को विस्तारपूर्वक समझाया जाता है। लिखित प्रशिक्षण के बाद सी-सर्टिफिकेट में विमान के संदर्भ में प्रत्यक्ष जानकारी साझा की जाती है। इस दौरान पायलेट का माइंड एक्टिव होना चाहिए, ताकि स्थिति के अनुकूल वह निर्णय स्वयं ले सके।



### प्रशिक्षकों ने दी विमान की जानकारी

हवाई विमान प्रशिक्षक जेडब्ल्यूओ प्रकाशचंद्र सामल ने बताया कि राजधानी के बाद अब जशपुर में भी विमान प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया गया है। इसमें 2 सीटर विमान, एसडब्ल्यू-80 माइक्रोलाइट की सवारी कैडेट्स कर रहे हैं। 5 मार्च से अब तक सौ कैडेट्स विमान प्रशिक्षण का हिस्सा बन चुके हैं, जिन्होंने ट्रेनिंग को दौरान विमान उड़ाने की प्रक्रिया को समझा। इस हवाई पट्टी पर प्रत्येक जिले से एयरविंग कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उन्हें हवाई जहाज की अधिक से अधिक जानकारी दी जा सके।

### प्रशिक्षण से कैडेट्स को फायदा

एयरविंग में शामिल कैडेट्स को विमान प्रशिक्षण से अनेक फायदे हो रहे हैं, जो कैडेट भविष्य में भारतीय वायुसेना में भर्ती होना चाहते हैं, उन्हें सीधा फायदा होगा। एनसीसी से सी-सर्टिफिकेट हासिल करने वाले कैडेट्स को भर्ती के दौरान रिटर्न एग्जाम नहीं देना होता, उनकी भर्ती खास एनसीसी कोटे से होती है। साथ ही एनसीसी की ट्रेनिंग के बाद वायुसेना में भर्ती जल्दी मिलती है और विमान उड़ाने का भी मौका दिया जाता है।

## सिटी इवेंट

# आने वाले समय में इंटरनेट होगा हमारी दुनिया, अधिकांश उपकरण इससे जुड़े



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग और आईआईटी भिलाई के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त सहयोग से "एडवांस्ड टॉपिक्स इन फिनटेक सिक्योरिटी" पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन किया गया।

यह कार्यक्रम भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रायोजित है। इसका उद्देश्य शिक्षकों और शोधकर्ताओं को फिनटेक सिक्योरिटी के क्षेत्र में नवीनतम ज्ञान से अवगत कराना है। मुख्य अतिथि एनआईटी के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव रहे, साथ ही विशिष्ट अतिथियों में आईआईटी भिलाई के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. संतोष विश्वास और एनआईटी के डीन एकेडमिक्स प्रो. श्रीश वर्मा शामिल हुए। निदेशक ने कहा कि आज के समय में साइबर हमले बहुत आम हो गए हैं। उन्होंने इस क्षेत्र में नवाचार की निरंतर आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए आईआईटी भिलाई के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया। डॉ. राकेश त्रिपाठी ने फिनटेक सिक्योरिटी पर जानकारी देते हुए बताया कि यह वित्तीय सेवाओं को अधिक स्वचालित और उन्नत बनाने में सहायक है। उन्होंने इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के दौरान विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञों से बहुमूल्य जानकारी प्राप्त करने की उम्मीद जताई।



### सस्टेनेबल फिनटेक विषय पर भी चर्चा

पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में क्रिप्टोकरेंसी, वेब सुरक्षा और सस्टेनेबल फिनटेक जैसे विषयों पर चर्चा की बात कही। उन्होंने यह आश्वासन दिया कि इस प्रोग्राम से प्रतिभागियों को केवल सैद्धांतिक ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त होगा। डॉ. श्रीश वर्मा ने इंटरनेट के प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि डिजिटल युग में आपसी संवाद कम हो गया है और अब लोग मशीनों के माध्यम से अधिक संवाद करने लगे हैं, जिससे डेटा सुरक्षा की आवश्यकता और भी महत्वपूर्ण हो गई है। डॉ. संतोष विश्वास ने बताया कि आने वाले वर्षों में हम इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) की दुनिया में प्रवेश करेंगे, जहां हमारे दैनिक जीवन के अधिकांश उपकरण इंटरनेट से जुड़े होंगे। ऐसे में इन उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक होगा। उन्होंने तकनीक को सरल और सभी के लिए सुलभ बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# सुनीता विलियम्स की वापसी पर बच्चों ने मनाया जश्न, शिक्षकों ने सुनाई ग्रहों की कहानी

रायपुर। वंडर किड्स एकेडमी की शाखाओं में मंगलवार को अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की सफल वापसी का उत्साहपूर्वक जश्न मनाया गया। इस आयोजन में बच्चों को अंतरिक्ष, सौरमंडल और ग्रहों की रोमांचक दुनिया से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बताया गया कि हमारे सौरमंडल में आठ ग्रह हैं, जो सूर्य के चारों ओर घूमते हैं। इसके अलावा उन्हें यह भी समझाया गया कि दिन और रात कैसे बनते हैं। जब पृथ्वी सूर्य की ओर होती है तो दिन होता है और जब पृथ्वी सूर्य की विपरीत दिशा में घूमती है तो रात होती है। बच्चों ने इस वैज्ञानिक जानकारी को बहुत उत्साह के साथ ग्रहण किया और अनुभव किया। सबसे मजेदार क्षण तब आया, जब बच्चों से पूछा गया, अगर तुम्हें रॉकेट में बैठने का मौका मिले



तो कहां जाना चाहोगे? कई बच्चों ने अंतरिक्ष की रोमांचक यात्रा की कल्पना की, लेकिन सबसे प्यारा जवाब आया, हम सुनीता विलियम्स को लेकर नानी के घर जाएंगे। यह मासूम और दिलचस्प जवाब सुनकर सभी उपस्थित लोग मुस्कुरा उठे और बच्चों की कल्पनाशक्ति को सराहा।

### जिज्ञासा की भावना विकसित करने में मदद

वंडर किड्स एकेडमी की प्राचार्य पल्लवी मिश्रा ने कहा कि "हम हमेशा ऐसे रचनात्मक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। हमारा उद्देश्य बच्चों को नई चीजों की खोज करने, वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने और उनके भीतर जिज्ञासा की भावना विकसित करने में मदद करना है।" इस गतिविधि को विद्यालय में चल रहे समर कैंप के दौरान कराया गया, जहां बच्चों को खेल-खेल में खगोल विज्ञान, अंतरिक्ष अन्वेषण और वैज्ञानिक तथ्यों से अवगत कराया गया। समर कैंप में ऐसे और भी कई रोचक और शैक्षिक कार्यक्रम कराए जा रहे हैं, जो बच्चों के बौद्धिक और रचनात्मक विकास में सहायक हैं। इस आयोजन ने बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान और नई संभावनाओं के प्रति रुचि को जगाया।

# पीपीटी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**रायपुर।** तकनीकी शिक्षा निदेशालय, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित प्री-पॉलीटेक्निक टेस्ट 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न पॉलीटेक्निक संस्थानों में एडमिशन मिलेगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2025 (शुक्रवार) शाम 5 बजे तक है। त्रुटि सुधार की अवधि 12 अप्रैल 2025 से 14 अप्रैल 2025, संभावित परीक्षा तिथि 17 मई 2025 और प्रवेशपत्र जारी करने की तिथि 22 अप्रैल 2025 निर्धारित है। परीक्षा आवेदन प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक, कोंडागांव



अभ्यर्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिन अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने में कठिनाई हो रही है, वे शासकीय पॉलीटेक्निक, कोंडागांव में सहायता प्राप्त कर सकते हैं। राज्य शासन के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ के स्थायी निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का परीक्षा शुल्क नहीं देना होगा। अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी एवं आवेदन हेतु छत्तीसगढ़ व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट vyapam.ogstate.gov.in पर विजिट कर सकते हैं।

गर्मी में श्वान को बीमारियों से बचाने लोग पशु चिकित्सकों की ले रहे मदद

# कुत्ते-बिल्लियों को हीट स्ट्रोक से बचाने एसी की ठंडी हवा में देखरेख, तापमान सामान्य रखने अब छोटे कर रहे बाल

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** गर्मी का असर जितना इंसानों पर होता है, उससे अधिक जानवरों पर भी होता है। इस वजह से बारिश और ठंड की तुलना में गर्मी के समय पेट्स को देखरेख की जरूरत अधिक पड़ती है। गर्मी में अपने श्वान को स्वस्थ रखने के लिए इन दिनों लोग शहर के पशु चिकित्सकों के पास पहुंच रहे हैं। डॉ. एस. जैन ने बताया कि गर्मी में श्वान और कैट में हीट स्ट्रोक की समस्या बढ़ जाती है। दोनों के शरीर का सामान्य तापमान 101 से 105 डिग्री तक होता है।

अधिक गर्मी में यह तापमान 120 डिग्री तक पहुंच जाने से हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखने लगते हैं। बुलडॉग, बोस्टन टेरियर, हस्की और जर्मन शेफर्ड, लेब्राडोर के तापमान को सामान्य बनाए रखने के लिए एसी में 26 से 24 डिग्री में रखा जा सकता है। अगर एसी नहीं है तो घर में कूलर का उपयोग किया जा सकता है। श्वान के लिए घर के भीतर का तापमान 25 से 28 डिग्री के बीच होना ही चाहिए। अधिक गर्मी से श्वान में भी चिडचिड़ापन देखने को मिलता है। बड़े डॉग लोगों पर हमला भी कर देते हैं।



### पेट्स को नहलाने पैडलिंग पूल

पशु चिकित्सकों के अनुसार गर्मी के मौसम में पेट्स को रोजाना नहलाया जा सकता है, लेकिन प्रतिदिन शैंपू के उपयोग से बचना चाहिए। बाजार में पेट्स के शरीर को ठंडा रखने के लिए पैडलिंग पूल खरीद रहे हैं। इसका आमतौर पर उपयोग बच्चों को नहलाने के लिए किया जाता है, लेकिन गर्मी में ज्यादातर पेट्स ठंडे पानी में रहना पसंद करते हैं। इस वजह से लोग अब 1200 से 2 हजार तक पैडलिंग पूल खरीद रहे हैं। छोटे व बड़े पेट्स के लिए बाजार में पैडलिंग पूल उपलब्ध हैं।



### गर्मी में कम हो जाती है खुराक

गर्मी के मौसम में पालतू कुत्तों और बिल्लियों के तापमान को सामान्य बनाए रखने के लिए अब लोग उनके बाल छोटे करा रहे हैं, ताकि गर्मी कम लगे। पशु चिकित्सक भी जर्मन शेफर्ड, हस्की समेत साइबेरिया कैट्स के बाल छोटे कराने की सलाह दे रहे हैं। शहर के प्राइवेट पशु चिकित्सालयों में बाल कटाने के लिए इन दिनों बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। पेट्स शॉप के राजेश त्रिपाठी ने बताया, गर्मियों में डॉग सामान्य दिनों की अपेक्षा कम खाता है, इसलिए बाजार में प्रोटीन डाइट उपलब्ध हैं, जो गर्मी में संतुलित आहार के रूप में काम करते हैं।

### हर दिन तापमान की करें जांच

गर्मी के मौसम में पेट्स को हीट स्ट्रोक का खतरा अधिक होता है, इसलिए डॉक्टर रोज पेट्स का तापमान जांचने की सलाह दे रहे हैं। इसके अलावा भारी हांफना, चमकती आंखें, दिल की तेज धड़कन, सांस लेने में कठिनाई, अत्यधिक प्यास, सुस्ती, बुखार, चक्कर आना यह सभी हीट स्ट्रोक के लक्षण हैं। डॉक्टर्स का कहना है कि तापमान को सामान्य करने के लिए गीले, ठंडे तौलिए का प्रयोग किया जा सकता है।

### गार्डन में बना रहे पेट्स हाउस

शहर के कई लोगों ने गार्डन में पेट्स हाउस बनाया हुआ है, जिसमें बुलडॉग और जर्मन शेफर्ड को रखा जा रहा है। घास में यह हाउस तैयार किया जाता है, ताकि यहां आराम करने पर पेट्स को ठंडक का एहसास हो। इसके अलावा अब लोग सुबह 6 बजे पेट्स को टहलाने लगे हैं, वहीं शाम को समय बदल दिया है। ज्यादातर लोग अब रात को 9 बजे के बाद अपने पेट्स को बाहर टहलाने लेकर जा रहे हैं। शाम के वक्त भी पेट्स के पंजे जलने का खतरा हो सकता है।

समाज लाइव

# हर्बल गुलाल-फूलों की पंखुड़ियों से खेली होली



**रायपुर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, इस दौरान पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक भी ली गई। होली महोत्सव की शुरुआत बड़ों से आशीर्वाद लेकर प्रारंभ की गई। कार्यक्रम में फूल और फूलों की पंखुड़ियों के साथ पर्व को यादगार बनाया गया। शहर स्थित होटल एमराल्ड में उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा और महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

### संस्था में नए सदस्यों की उपस्थिति

प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने बताया कि होली मिलन के दौरान संस्था के 60 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे। समारोह अवसर पर परिषद में अनेक नए सदस्यों को शामिल किया गया। अप्रैल माह में संस्था के नए पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा, जिन्हें संस्थान के कार्यभार को संभालने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। होली उत्सव में मनोरंजन के लिए खेल का भी आयोजन किया गया, जो फाग गीत, संगीत और हास्य से भरपूर रहा। बैठक में सुनील ओझा, जेपी उपाध्याय, नितिन झा, राम तिवारी, बबीता मिश्रा, वीणा मिश्रा, कल्पना मिश्रा, लक्ष्मी राव, सीमा पाण्डेय, अर्चना तिवारी, सुमन पाण्डेय उपस्थित रहे।

सिटी लाइव

# अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन स्पर्धा में विभिन्न स्कूलों के 48 बच्चों ने लिया हिस्सा



**रायपुर।** भारतीय डाक विभाग संभाग द्वारा 2025 अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 9 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए आयोजित की गयी थी। जिसमें विभिन्न स्कूलों से कुल 48 बच्चें इस प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए।बी.एल. जांगड़े प्रवर अधीक्षक डाकघर दुर्ग संभाग के द्वारा आयोजित पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम स्कूल में किया गया। प्रतियोगिता में चयनित होने वाले प्रतिभागियों के लिये आकर्षक पुरस्कार परिमण्डल व अखिल भारतीय स्तर पर विजेताओं को दिया जायेगा।

### रंगबिरंगे परिधान और टोपी में नजर आए

**रायपुर।** सरयूपारीय ब्राह्मण समाज का होली मिलन आयोजित किया गया। समाज के अध्यक्ष कमल नारायण शर्मा और महिला विंग की अध्यक्ष अपर्णा चौबे ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण और गुलाल लगाकर पूजा अर्चना की। संरक्षक रामशाल शर्मा ने होली का महत्व बताते हुए बहुत सुंदर कविता सुनाई। समाज का यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ सरयूपारीय ब्राह्मण समाज के लुचकीपारा स्थित सामाजिक भवन में रखा गया। सबने बहुत उत्साह से फूलों की होली खेली। सब लोग रंग-बिरंगे परिधान और टोपी में नजर आए। इस अवसर पर समाज के लोग नृत्य-संगीत पर थिरकते नजर आए। फाग का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर गीत-संगीत गेम्स का भी आयोजन किया गया।

> खुद के साथ समय बिताना भी एक ध्यान के समान है। बदलते समय के साथ लोग काम की व्यस्तता के बीच नेचर के साथ खुद को समय देने सोलो ट्रैवलिंग को अधिक महत्व देने लगे हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के पर्यटन को एक्सप्लोर करने के लिए भी सोलो ट्रैवलिंग का चलन लगातार बढ़ते जा रहा है, जिसे देखते हुए छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड अपने रिसॉर्ट में कैंपनिंग करने वाले युवाओं को मात्र 500 रुपए में जगह उपलब्ध करा रहा है। इस वजह से बड़ी संख्या में युवा सोलो ट्रैवलिंग का आनंद उठा रहे हैं।

# कम खर्च पर पर्यटन, युवाओं में बढ़ा नाइट कैंप का चलन, महंगे रिसॉर्ट में मिल रही टेंट लगाने की जगह

## गर्मी में ट्रैवलिंग के लिए जंगल घूमना पहली पसंद



**रायपुर।** नई जगह पर अकेले घूमने वालों को ऐसी जगह की तलाश होती है, जो रात गुजारने के लिए सुरक्षित हो। इसे ध्यान में रखते हुए अब प्रदेश के दर्जनभर रिसॉर्ट में कैंपनिंग पॉइंट बनाए गए हैं। यहां रात में लाइट के साथ बाथरूम की भी सुविधा है। सोलो ट्रैवलिंग और कैंपनिंग के लिए चित्रकोट, मैनपाट, कुरदर वैली, जशपुर, चिल्फी क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। विभाग के मुताबिक, एक्सप्लोर करने वाले ज्यादातर युवा कैंपनिंग पांइट ही किराए पर लेते हैं। ठंड और गर्मी में मांग अधिक रहती है। कैंपनिंग को लेकर आवश्यक सुविधा दी गई है।



### कम खर्च के साथ अच्छी यात्रा

*छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग ने ज्यादातर रिसॉर्ट प्राकृतिक स्थलों के बीच बनाए हैं। इस वजह से बड़ी संख्या में लोग रिसॉर्ट घूमने के लिए भी पहुंचते हैं। चिल्फी, मैनपाट व कुरदर वैली समेत जशपुर के रिसॉर्ट लग्जरी हैं, जिसका एक दिन का किराया 2500 से 5000 तक है। अधिक किराया होने से जो लोग इसका लाभ नहीं उठा पाते, उनके लिए कैंपनिंग पाइंट की सुविधा बनाई गई है। युवाओं को 500 रुपए में रहने के लिए जगह और खाने के लिए कैंटीन की सुविधा मिल जाती है। इस सुविधा का लाभ सोलो ट्रैवलर ज्यादा उठा रहे हैं।*

### हर महीने दर्जनभर से अधिक सोलो ट्रैवलर

विभाग के मुताबिक, बीते कुछ समय में सोलो ट्रैवलर की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। दर्जनों रिसॉर्ट में हर महीने दर्जनभर से अधिक लोग अकेले यात्रा करने पहुंचते हैं। दो दिन से लेकर सप्ताहभर तक नेचर के बीच वे खुद को समय दे रहे हैं। आत्मनिर्भरता और आत्म-खोज के साथ-साथ नए लोगों से मिलना और आराम करने के लिए भी सोलो ट्रैवलर का चलन बढ़ता जा रहा है। पांच साल पहले सोलो ट्रैवलर की संख्या बेहद कम थी, लेकिन अब इसमें इजाफा होता जा रहा है।



**बार नवापारा एटीआर, कुरदर वैली की सैर के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे युवा**



### टेंट लेकर पहुंच रहा युवाओं का समूह

*पर्यटन विभाग कैंपनिंग के लिए केवल जगह उपलब्ध कराता है। प्राइवेट रिसॉर्ट में कैंपनिंग करने का किराया 1000 से 1500 तक है, लेकिन पर्यटन विभाग 500 रुपए में जगह दे रहा है। सस्ते दाम पर जगह मिलने से अब कई ट्रैवलिंग एजेंसियां यहां टेंट लगाकर लोगों को कैंपनिंग करा रही हैं। एक्सप्लोर करने वाले युवा अपने साथ टेंट लेकर चलते हैं, उन्हें कम किराए पर अच्छी सुविधा मिल रही है। ठंड के समय में बोनफायर के साथ ट्रैवलिंग का लुत्फ भी उठाते हैं।*

# लौट रहा पुराना ट्रेंड, वेडिंग सीजन में मोतियों से सजे पोटली बैग का बढ़ा चलन

**बाजार में कस्टमाइज बैग हो रहे तैयार, इसमें कपड़े का भी इस्तेमाल**



**रायपुर।** वेडिंग या पार्टी लुक को बेहतर और दूसरों से खास बनाने के लिए सही पर्स सलेक्ट करना जरूरी है। फिल्मी सितारों से लेकर हाईक्लास महिलाएं अक्सर साड़ी, कुर्ती जैसे इंडियन और वेस्टर्न लुक में पर्स कैरी करना नहीं भूलतीं, यह उनकी पर्सनैलिटी को दूसरों से अलग करता है। इन दिनों एथनिक लुक के लिए महिलाएं पोटली बैग का इस्तेमाल कर रही है। यह बैग सालों पुराना ट्रेंड है, जो अब वापस युवतियां, ब्राइड और महिलाओं की पसंद बन चुका है। मोतियों, मैटेलिक टच, फ्लोरल प्रिंट, राजवाड़ी प्रिंट के पोटली बैग खरीदारों की पहली पसंद है। शहर के बाजारों में अब कस्टमाइज पोटली बैग तैयार किया जा रहा, जिसे कपड़े के अनुसार बनाया जा रहा है।

शहर स्थित छोटी-बड़ी पर्स दुकानों पर पोटली बैग सजा हुआ है, लोग सालों पुराना फैशन वापस पसंद करने लगे हैं। दुकान संचालकों ने बताया कि बदलते वक्त के साथ कस्टमाइज वस्तुओं की डिमांड भी बढ़ती जा रही है। इन दिनों पोटली बैग कस्टमाइज कराया जाता है, जिसमें वेडिंग थीम और ड्रेस कोड के अनुसार डिजाइनर वर्क किया जाता है। इसे शादियों में रिटर्न गिफ्ट की तरह भी उपयोग किया जा रहा है, जो युवतियों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं तक की पसंद है।



### शादियों में रिटर्न गिफ्ट में पोटली बैग

शादियों में पोटली बैग का इस्तमाल बढ़ने लगा है, लोग रिटर्न गिफ्ट में बैग देना पसंद कर रहे है। दुकान संचालक मुनमुन गुप्ता ने बताया कि खरीदारों की डिमांड पर कस्टमाइज पोटली बैग तैयार किया जा रहा है। कस्टमाइज बैग को आकर्षक बनाने के लिए खास पर्सनल टच भी दिया जाता है, जिसके कारण इसे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक आसानी से कैरी कर सकते हैं। इसकी कीमत 500-700 रुपए तय की गई।

### स्टोन और जरी वर्क के कस्टमाइज बैग



दुकान संचालक तोफा गाडोदिया ने बताया कि दुकान में मैटेलिक टच, फ्लोरल प्रिंट, राजवाड़ी प्रिंट, स्टोन, जरी वर्क के साथ पोटली बैग तैयार किया जा रहा है। इस वेडिंग सीजन महिलाएं कस्टमाइज पोटली बैग तैयार करा रही हैं। साथ ही स्टोन और जरी वर्क पहली पसंद बनी हुई है। भारतीय पहनावे के साथ एथनिक और ग्लैमरस लुक के लिए फिल्मों की अभिनेत्री पोटली बैग कैरी करती हैं, जिसे देखते हुए शहर की महिलाएं भी पोटली बैग का इस्तमाल करने लगी हैं। इस वेडिंग सीजन पोटली बैग की डिमांड सबसे अधिक है, जिसमें लहंगा, कुर्ती, शरारा, अनारकली और साड़ी के लिए डिजाइनर बैग खरीदे जा रहे हैं।



# आजादी के बाद पहली बार सुकमा के ग्रामीणों ने किया राजधानी भ्रमण

**रायपुर।** सुकमा जिले के दूरस्थ गांवों से आए युवाओं के लिए मंगलवार का दिन ऐतिहासिक रहा। स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना के तहत नियद नेल्लानार योजना में शामिल सिलगेर, पूवर्ती, एलमागुंडा, लखापाल, शालातोंग, साकलेर, छोटेकेडवाल, बगडेगुड़ा और बेदरे आदि गांवों के 119 युवा पहली बार अपने गांव से बाहर निकले और राजधानी रायपुर पहुंचे। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान युवाओं ने रेलवे स्टेशन, छत्तीसगढ़ विधानसभा और वनवासी कल्याण आश्रम का दौरा किया। राजधानी आगमन के दौरान युवाओं ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया और दर्शक दीर्घा में बैठकर सदन की कार्यवाही देखी, जिससे वे बेहद उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने युवाओं से चर्चा करते हुए कहा कि युवा चाहें तो अपने गांव में अमन-चैन और विकास की रोशनी फैला सकते हैं।

### सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने युवाओं से उनके गांव की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके गांवों में पक्की सड़क, बिजली, शुद्ध पेयजल, राशन, चिकित्सा और आवास जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की और कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में हम सभी मिलकर छत्तीसगढ़ को विकसित और समृद्ध राज्य बनाएंगे। उल्लेखनीय है कि आजादी के 75 साल बाद पहली बार अपने गांव से बाहर निकलकर राजधानी पहुंचे अनेक ग्रामीणों ने प्रदेश की प्रगति को नजदीक से देखा और भविष्य में अपने गांवों के विकास में योगदान देने की इच्छा व्यक्त की।

# रंगपंचमी पर आज फिर उड़ेगा गुलाल मंदिर में भगवान संग मनाएंगे पर्व

**रायपुर।** होली के उल्लास के बाद अब रंगपंचमी की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। आज शहर में रंगपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। यह पर्व होली के पांचवे दिन आता है और विशेष रूप से शहर सहित ग्रामीण अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। रंगपंचमी के चलते मंगलवार को शहर के प्रमुख बाजारों में रंग, गुलाल, पिचकारी और अन्य सामग्री की दुकानों पर फिर से भीड़ लगी रही। खास अवसर पर शहर के विभिन्न सांस्कृतिक संगठनों द्वारा रंगपंचमी के अवसर पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। लोक कलाकारों द्वारा पारंपरिक नृत्य, संगीत और रंगारंग झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। स्थानीय समितियां मिलकर सड़कों पर रंगोत्सव का आयोजन करेंगी। जहां लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व का आनंद लेंगे।

*एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व का लेंगे आनंद*



### बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह

बच्चों और युवाओं में रंगपंचमी को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। त्योहार के मद्देनजर बाजारों में रौनक बढ़ गई थी। रंगपंचमी का पर्व सामाजिक समरसता, भाईचारे और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। रायपुर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी रंगपंचमी का विशेष महत्व है।

### महाराष्ट्र मंडल में आज मनेगी रंगपंचमी

महाराष्ट्र मंडल में कई वर्षों के बाद होलिका दहन के पांचवे दिन रंग पंचमी का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा। बुधवार की शाम 6 बजे होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर खासे उत्साहित युवा सभासदों ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं। महाराष्ट्र और मराठी समाज में होली जलाने के पांचवे दिन रंगपंचमी पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। अबीर-गुलाल और रंगों के इस पर्व को लेकर मराठी समाज में विशेष उत्साह रहता है। विभिन्न कारणों से यह गौरवशाली परंपरा रायपुर में विलुप्त-सी हो रही थी। जबकि इंदौर के राजवाड़े, भोपाल, खंडवा, बुरहानपुर सहित कई शहरों में रंगपंचमी धूमधाम से मनाई जाती है।



सिटी स्पोर्ट्स

## राष्ट्रीय नेटबॉल के लिए चुने गए छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी



**रायपुर।** नेटबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 16 मार्च को सप्रे शाला रायपुर स्थित नेटबॉल ग्राउंड में आयोजित किया गया। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा के निर्देशन में ट्रायल के लिये नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा सिलेक्शन कमेटी भी घोषित की गई थी। जिसमें चेयरमैन के रूप में राजेश प्रताप सिंह (सरगुजा), संयोजक एसोसिएशन के महासचिव राजेश राठौर को बनाया गया था। जिले के सचिव अनूप यदु, धमतरी से पूनम निषाद एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सोनम शर्मा चयनकर्ता थे। नेटबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तरफ से आब्जर्वर प्रशांत जेकब की देखरेख में यह पूरा सिलेक्शन ट्रायल आयोजित हुआ। सिलेक्शन ट्रायल के दौरान पार्षद अम्बर अग्रवाल ने खिलाड़ियों से सौजन्य भेंट की। सभी चयनित खिलाड़ियों का कैंप लगाकर उन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जाएगा। जबकि सब जूनियर फास्ट फाइव की टीम 25 मार्च को एवं मिक्स नेटबॉल टीम 27 मार्च को हरियाणा के लिए रवाना होगी। सीरियल फर्स्ट फाइव की टीम 28 को चंडीगढ़ के लिए रवाना होगी।

## नेशनल रैंकिंग टेटे में राज्य से प्रेमराज और विनय बने निर्णायक





**रायपुर।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ एवं गुजरात स्टेट टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में बड़ोदा संघ द्वारा आयोजित द्वितीय पारा नेशनल रैंकिंग चैंपियनशिप एवं पैरा सीनियर नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप 17 से 19 मार्च तथा 21 से 23 मार्च तक आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक एवं भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डल कार्यालय, रायपुर के विनय बैसवाड़े को प्रतियोगिता का मुख्य निर्णायक तथा अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक एवं डाक विभाग भिलाई के प्रेमराज जाचक को उप मुख्य निर्णायक बनाया गया है। यह पहला मौका है जब भारतीय टेबल टेनिस महासंघ द्वारा किसी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक एवं उप मुख्य निर्णायक हेतु छत्तीसगढ़ से नामांकित किया गया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ से प्रतियोगिता में अंपायरिंग के लिए प्रवीण निरापुरे (रायपुर), नागेश्वर साहू (रायपुर) को चुना गया है। इसके पूर्व भी विनय बैसवाड़े एवं प्रेमराज जाचक ने कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश तथा विदेश में भाग ले चुके है। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला एवं समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है। यह जानकारी छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी ने दी।

## सीएससीएस के खिलाड़ी एनसीए के अंडर-19 एलिट कैंप के लिए चयनित





**रायपुर।** नेशनल क्रिकेट एकेडमी के अंडर 19 कैंप हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के 5 खिलाडियों का चयन हुआ है। उक्त कैंप 02 अप्रैल से 28 अप्रैल तक विभिन्न जोनल क्रिकेट एकेडमी में आयोजित किया जायेगा।चयनित खिलाड़ियों में धनंजय नायक, राजकोट,विकल्प तिवारी, नाडियाड,रुद्र प्रताप देहारी, सूरत,विवेक यादव, गुवाहाटी अंकित कुमार सिंह, गुवाहाटी शामिल हैं। सभी चयनित खिलाड़ी बीसीसीआई के विशेषज्ञों के अधीन प्रशिक्षण प्राप्त करेगें, जिसमें तकनीकी तथा शारीरिक प्रशिक्षण भी सम्मिलित है।


### प्यूरीन की संतुलित मात्रा रखती है शरीर को सेहतमंद

# आपके भोजन में नहीं होनी चाहिए प्यूरीन की अधिकता, किडनी स्टोन का हो सकता है खतरा

प्यूरीन एक प्राकृतिक कंपाउंड है, जो डीएनए और आरएनए के निर्माण में मदद करता है। यह शरीर की कोशिकाओं में पाया जाता है और कई खाद्य पदार्थों में भी मौजूद होता है। हालांकि यदि आपके शरीर में प्यूरीन की अधिक मात्रा हो जाए, तो इसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम भी हो सकता है।

कई अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि अगर आपका खान-पान ठीक है तो ये गंभीर बीमारियों से बचाए रखने में आपके लिए मददगार हो सकता है। आप जिन चीजों का सेवन करते हैं, सेहत पर उसका सीधा असर होता है, यही कारण है कि सभी लोगों को पौष्टिक और स्वस्थ चीजें खाने की सलाह दी जाती है।

आहार विशेषज्ञ कहते हैं, स्वस्थ रहने के लिए क्या खाना चाहिए, इससे जरूरी ये जानना है कि आपको क्या नहीं खाना चाहिए? गठिया और किडनी से संबंधित बढ़ती समस्याओं को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को उन चीजों से दूरी बनाए रखने की सलाह देते हैं जिनमें प्यूरीन की अधिकता होती है। प्यूरीन क्या है और इसके क्या नुकसान हो सकते हैं, आइए इस बारे में विस्तार से समझते हैं।



### क्या होता है प्यूरीन?

प्यूरीन एक प्राकृतिक कंपाउंड है, जो डीएनए और आरएनए के निर्माण में मदद करता है। यह शरीर की कोशिकाओं में पाया जाता है और कई खाद्य पदार्थों में भी मौजूद होता है। जब हमारे शरीर में प्यूरीन का ब्रेक डाउन होता है तो इससे यूरिक एसिड बनता है, जिसे शरीर आमतौर पर मूत्र में बाहर निकाला देता है।

हालांकि यदि आप हाई प्यूरीन वाली चीजों का सेवन अधिक करने लगें और शरीर में प्यूरीन की अधिक मात्रा हो जाए, तो इसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम भी हो सकता है।

### प्यूरीन की अधिकता और इसके नुकसान



जब हमारे शरीर में प्यूरीन की अधिकता हो जाती है और किडनी इसे ठीक तरीके से बाहर नहीं निकाल पाती, तो यह शरीर में जमा होने लगता है, जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। प्यूरीन की अधिकता यूरिक एसिड को बढ़ाने लगती है और यूरिक एसिड बढ़ने से जोड़ों में क्रिस्टल बनने लगते हैं, जिससे सूजन, दर्द और अकड़न हो सकती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे, टखनों और घुटनों को प्रभावित करता है। इसके अलावा यूरिक एसिड के क्रिस्टल किडनी में जमा होकर पथरी बना सकते हैं।

### खान-पान में करें बदलाव

कुछ खाद्य पदार्थों में प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है, जिनका ज्यादा सेवन करने से यूरिक एसिड बढ़ सकता है। हाई प्यूरीन फूड्स जैसे मांस और मछली का सीमित मात्रा में ही सेवन करना चाहिए। राजमा, चना, सोयाबीन, मसूर, मटर जैसी दालों के भी अधिक सेवन से बचना चाहिए।कुछ प्रकार की सब्जियां जैसे पालक, मशरूम,



ब्रोकली, फूलगोभी का अधिक सेवन भी नुकसानदायक हो सकता है। शराब, कॉफी भी प्यूरीन और यूरिक एसिड के स्तर को बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

### किन चीजों का सेवन करना चाहिए?

अच्छी सेहत के लिए लो प्यूरीन फूड्स का सेवन करना अच्छा विकल्प है। फल (सेब, केला, संतरा, पपीता), सब्जियां (खीरा, टमाटर, गाजर, लौकी), डेयरी उत्पाद, अंडे और नट्स में प्यूरीन की मात्रा बहुत कम होती है और इनके सेवन से आपको कई लाभ हो सकते हैं। हाई प्यूरीन फूड्स का सेवन कम करने के साथ खूब पानी पीना भी जरूरी है ताकि यूरिक एसिड बाहर निकल सके। हरी सब्जियां और फाइबर युक्त आहार आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो सकते हैं। अगर आपको गठिया, किडनी स्टोन या यूरिक एसिड की समस्या है, तो डॉक्टर से परामर्श लेकर प्यूरीन युक्त भोजन का सेवन नियंत्रित करें।

## ओपन इंडिया बॉडी बिल्डिंग संजय का किया गया सम्मान



**रायपुर।** 13 मार्च को बेंगलुरु कर्नाटक में स्थानीय महादेवपुरा के स्कूल मैदान में रॉक क्लासिक ओपन इंडिया बॉडी बिल्डिंग, क्लासिक फिजिक्स एवं मेन फिजिक चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के 150 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों को पांच लाख से अधिक नकद राशि बतौर पुरस्कार दी गई।

प्रतियोगिता में रॉक क्लासिक इंडिया बॉडी बिल्डिंग का खिताब कर्नाटक के धनंजय ने जीता एवं बेस्ट पोजर का खिताब फिलिक्स केरल ने, बेस्ट मस्क्यूलर का खिताब सूर्या गोवड़ा कर्नाटक ने जीता। उक्त प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों को कर्नाटक के पूर्व मंत्री अरविंद लिम्बावली ने पुरस्कार प्रदान किए। उक्त स्पर्धा में रायपुर छग के बॉडी बिल्डिंग के राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक संजय शर्मा का बॉडी बिल्डिंग में योगदान के लिए शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। वे इस प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक बनाए गए थे। कार्यक्रम का आयोजन उत्तमा कर्नाटका बॉडी बिल्डिंग एण्ड फिटनेस एसोसिएशन ने किया। कार्यकम के अंत में आयोजन सचिव श्रीनिवास एम., कामेश द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता का संचालन कृष्णा राव सीनियर उपाध्यक्ष आईएफबीएफ द्वारा किया गया। यह जानकारी संजय शर्मा सचिव आईएफबीएफ ने दी।

## घर में जरूर लगाएं औषधीय गुणों से भरपूर पौधे

हमारी प्रकृति रहस्यों से भरी है। आज तक मनुष्य ने जो कुछ भी हासिल किया है वो प्रकृति से सीख लेकर ही किया है। दुनिया में कई प्रकार के पौधे पाए जाते हैं, लेकिन क्या आप जानते है उनमे से कुछ ऐसे पौधे हैं, जिनको घरों में लगाने से घर में न सिर्फ सुख शांति बल्कि आप की सेहत भी स्वस्थ रहती है। आइए जानते हैं कुछ ऐसे पौधों के बारे में, जिन्हें घर में जरूर लगाना चाहिए.....



एलोवेरा एक प्राकृतिक औषधि से भरपूर पौधा है जो शरीर के लिए कई तरह से फायदेमंद है। हमारी त्वचा, बालों से लेकर पाचन तंत्र और इम्यून सिस्टम तक, एलोवेरा शरीर की कई परेशानियों को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है। इसी के साथ एलोवेरा हवा को शुद्ध करने की क्षमता भी प्रदान करता है। यह पौधा रात के दौरान ऑक्सीजन छोड़ने और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करके का काम करता है।

## पुलिस रायफल चैंपियनशिप, अभय करेंगे टीम का नेतृत्व



**रायपुर।** चेन्नई में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस रायफल एवं पिस्टल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम के लिए रायपुर के एएसआई अभय कुमार गणोरकर का चयन किया गया है। यह टूर्नामेंट 17 से 22 मार्च तक होगा। टूर्नामेंट में देशभर से पुलिस प्रशासन की टीम भाग लेती है, जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम से 23 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। टीम के मैनेजर डॉ. संकल्प रॉय होंगे। टीम मंगलवार को चेन्नई के लिए रवाना हुई। एएसआई अभय गणोरकर को छत्तीसगढ़ टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।

## एलिट ग्रुप क्रिकेट में जारी हैं रोमांचक मुकाबले



शशांक चंद्राकर ने बनाए 171 रन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 मार्च से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें भाग ले रही है। 17 से 20 मार्च श्रृंखला में दूसरे दिन मंगलवार को को चार मैच खेले गये।

### बीएसपी के विरुद्ध बिलासपुर ब्लू की 102 रनों की बढ़त

ग्रुप ए का तीसरा चार दिवसीय मैच बिलासपुर ब्लू एवं बी.एस.पी. के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 112.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 263 रन बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से दीपक सिंह बघेल ने 72 रन तथा श्रेयम सुंदरम ने 54 रन बनाये। वहीं बी.एस.पी. की ओर से जीवेश कुमार भुटे ने 4 विकेट तथा कार्तिक नायडु ने 3 विकेट प्राप्त किये। बीएसपी ने अपनी पहली पारी में 54.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 170 रन बनाये। बी.एस.पी. की ओर देव आदित्य सिंह ने सर्वाधिक 78 रन तथा जीवेश भुटे ने 25 रन बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से श्रेयस सुंदरम ने 3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक बिलासपुर ब्लू ने अपनी दूसरी पारी में 4 ओवरों में 1 विकेट खोकर 9 रन बना लिये है। दूसरे दिन की समाप्ति तक बिलासपुर ब्लू ने 102 रनों की बढत बना ली है।

### भिलाई के विरुद्ध जांजगीर चांपा पीछे

ग्रुप ए का चौथा चार दिवसीय मैच भिलाई एवं जांजगीर चांपा के मध्य सेक्टर-10 मैदान, भिलाई में खेला गया। भिलाई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 152.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 471 रन बनाये। भिलाई की ओर से साहिल रजत शरीफ ने सर्वाधिक 182 रन तथा हर्ष शर्मा ने 59 रन बनाये। वहीं जांजगीर चांपा की ओर से शाहबान खान तथा मुरली मोहन शर्मा ने 3-3 विकेट लिए। दूसरे दिन की समाप्ति तक जांजगीर चांपा ने अपनी पहली पारी 30 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 112 रन बना लिये हैं। जांजगीर चांपा की ओर से जानेन्द्र ने 67 रन नाबाद बनाये। दूसरे दिन की समाप्ति तक जांजगीर चांपा 359 रनों से पीछे है।

### सरगुजा के विरुद्ध महासमुंद आगे

ग्रुप बी का तीसरा चार दिवसीय मैच महासमुंद एवं सरगुजा के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। महासमुंद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 93.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 386 रन बनाये। महासमुंद की ओर से शशांक चंद्राकर ने सर्वाधिक 171 रन तथा मनीष शर्मा ने 107 रन बनाये। वहीं सरगुजा की ओर से आराध्य गुप्ता ने 4 विकेट प्राप्त किये। सरगुजा ने अपनी पहली पारी में 73.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 267 रन बनाये। सरगुजा की ओर से राहुल प्रधान ने 78 रनों की पारी खेली। महासमुंद की ओर से तुशार चंद्राकर ने 4 विकेट तथा सोहित तिवारी ने 3 विकेट प्राप्त किये। दुसरे दिन की समाप्ति तक महासमुंद ने अपनी दूसरी पारी में 5.5 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 19 रन बना लिये हैं। दूसरे दिन की समाप्ति तक महासमुंद ने 138 रनों की बढत बना ली है।

### प्लेट कंबाइंड के विरुद्ध बिलासपुर को 68 रन की जरूरत

ग्रुप बी का चौथा चार दिवसीय मैच प्लेट कंबाइंड एवं बिलासपुर के मध्य दल्लीराजहरा में खेला गया। बिलासपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। प्लेट कंबाइंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 40.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से रोहन टांक ने सर्वाधिक 41 रन तथा हर्ष साहु ने 30 रन बनाये। वहीं बिलासपुर की ओर से धनंजय नायक तथा मोहित राउत ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ने अपनी पहली पारी में 65.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 233 रन बनाये। बिलासपुर की ओर से मो इरफान ने 64 रनों की पारी खेली। उनके अतिरिक्त अभिजित ताह ने 33 रन बनाये।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# इस महीने कुछ ऐसी फिल्में जो रोमांचित करेगी आपको



कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखने वाले दर्शकों को इस महिने रिलीज होने वाली कुछ हॉलिवुड फिल्मों को जरूर ट्राई करना चाहिए। ब्लैक बैग एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें एक्शन और सस्पेंस का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ब्लैक बैग एक अमेरिकी जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन स्टीवन सोडरबर्ग ने किया है। वहीं डेविड कोएप ने इस फिल्म को लिखा है। इस फिल्म में केट ब्लैंचेट, माइकल फैसबेंडर, मारिसा अबेला, टॉम बर्क, नाओमी हैरिस, रेगे-जीन पेज और पियर्स ब्रॉसनन ने मुख्य भूमिका निभाई है।

गेम ऑफ थ्रोन्स के लेखक जॉर्ज आर. आर. मार्टिन की कहानी पर आधारित फिल्म इन द लॉस्ट लैंड्स है, जो एक महाकाव्य फैंटेसी एडवेंचर होगी। इन द लॉस्ट लैंड्स का निर्देशन पॉल डब्ल्यूएस एंडरसन ने किया है , जिसकी कहानी कॉन्स्टेंटिन वर्नर ने लिखी है। माई मेलबर्न एक एंथोलॉजी फिल्म है, जो मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में हुई सच्ची घटनाओं से प्रेरित हैं। फिल्म का निर्देशन भारतीय फिल्म निर्माताओं ओनिर, रीमा दास, इम्तियाज अली और कबीर खान ने किया है। बोंग जून-हो द्वारा निर्देशित यह साइंस-फिक्शन फिल्म एक बेहद दिलचस्प और रोमांचक कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में रॉबर्ट पैटिनसन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मिकी 17, 2025 की एक साइंस फिक्शन डार्क कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्माण, लेखन और निर्देशन बोंग जून-हो ने किया है, जो एडवर्ड एश्टन के2022 के उपन्यास मिकी 7 पर आधारित है।

### टॉलीवुड

# रिलीज से पहले ही 'कुली' पर बरसा पैसा ओटीटी पर 120 करोड़ में बिक्री की चर्चा



रजनीकांत की फिल्म 'कुली' रिलीज से पहले ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मोटी रकम में बेची गई है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह रजनीकांत की किसी भी फिल्म की अब तक की सबसे बड़ी ओटीटी डील है।

सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' की चर्चा इन दिनों खूब हो रही है। यह इस साल बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। हाल ही में फिल्म के कुछ बीटीएस तस्वीरें सामने आई थी, जिसे देखने के बाद फैंस की उत्सुकता काफी ज्यादा बढ़ गई थी। वहीं, अब फिल्म की ओटीटी डील को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है।

को इमोई की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेजन प्राइम वीडियो ने इस फिल्म के डिजिटल राइट्स को 120 करोड़ रुपये में खरीदा है। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रजनीकांत की किसी फिल्म की यह अब तक की सबसे बड़ी ओटीटी डील है। इससे पहले उनकी सुपरहिट फिल्म 'जेलर' के डिजिटल राइट्स भी अमेजन प्राइम ने 100 करोड़ रुपये में खरीदे थे। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बन रही 'कुली' धमाकेदार एक्शन से भरपूर होने की उम्मीदें हैं। फिल्म की कहानी को अभी पूरी तरह से गोपनीय रखा गया है, लेकिन माना जा रहा है कि इसमें रजनीकांत का किरदार थोड़ा नकारात्मक रंग के साथ नजर आ सकता है।

रजनीकांत के अलावा फिल्म में नागार्जुन अक्किनेनी और उपेंद्र राव जैसे बड़े सितारे अहम किरदारों में दिखेंगे। श्रुति हासन, सौबिन शाहिर और सत्यराज भी फिल्म महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाएंगे। खास बात यह है कि पूजा हेगड़े एक स्पेशल डांस नंबर में नजर आएंगी। कुछ समय पहले खबरें थीं कि 'कुली' की रिलीज डेट ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' से टकरा सकती है। हालांकि, ताजा जानकारी के मुताबिक ऐसा नहीं होगा।

### भोजपुरी

# खेसारी के नए गाने 'चांदी के कटोरे' ने 2 दिन में मचाई तबाही, 20 लाख से ज्यादा व्यूज



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की कोई फिल्म या गाना रिलीज हो और वो वायरल ना हो, ऐसा भला कहां हो सकता है! जी हां। इस बार खेसारी 'चांदी के कटोरे' लेकर आए और दो दिन में ही इस गाने को 20 लाख से ज्यादा लोगों ने देख लिया है। वो भी सिर्फ दो ही दिन में। ये गाना म्यूजिक कैटेगरी में 9वें नंबर पर ट्रेंड भी कर रहा है। गाने में खेसारी लाल यादव ने अपनी आवाज दी है और उनके साथ शिल्पी राज ने भी गाना गाया है। इस शानदार गाने के बोल कृष्णा बेदर्दी ने लिखे हैं। म्यूजिक डायरेक्टर आर्या शर्मा हैं। खेसारी इस गाने में एक ऑफिस में काम करते दिख रहे हैं। तभी उनकी बॉस की एंट्री होती है, जिनकी नई-नई शादी हुई है। मांग में सिंदूर और मंगलसूत्र पहने बॉस को देख खेसारी का दिल धक-धक करने लगता है। ऑफिस के फ्लोर से लेकर केबिन तक में खूब रोमांस होता है। 15 मार्च को होली के बाद रिलीज हुए इस गाने को 2,303,703 व्यूज मिल चुके हैं। यानी गाना वायरल है। खेसारी की इंस्टाग्राम पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उन्हें 5.8 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। उनका एक और गाना रिलीज होने वाला है, जिसमें आकांक्षा पुरी भी नजर आएंगी। ये 'रिश्ते' फिल्म का गाना है, जिसका टाइटल 'सरसो के तेलवा' है।

लाइफ स्टाइल



कोपेनहेगन का प्यार

कोपेनहेगन फैशन वीक में रोटेट के स्प्रिंग/समर 2025 शो को बाकी सीज़न के प्रेरणा माना जा रहा है। ये कलेक्शन 1920 के दशक के आर्ट डेको युग को याद दिला रहे थे। सह-क्रिएटिव डायरेक्टर जेनेट मैडसेन का कहना है ₹हम गर्मियों का बेहतरीन मूड बनाना चाहते थे: मौसम की गर्माहट, हल्कापन, आज़ादी और रोमांस बस यही देना चाहते थे।

# पसीने की वजह से नहीं हो पा रहा है वैक्स, तो ये टिप्स आएंगी आपके काम

गर्मी के दिनों में पसीना आने की वजह से अधिकतर लड़कियां वैक्स नहीं कर पाती है और ऐसे में उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आपके साथ भी वैक्स करते समय यही परेशानी होती हैं, तो अब आप एक्सपर्ट के बताएं इन उपाय को कर आसानी से वैक्स करवा सकती हैं।

गर्मी के दिनों में पसीना आने की वजह से वैक्स ठीक से नहीं हो पता है और इससे लड़कियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आपके साथ भी वैक्स के समय यही परेशानी होती हैं, तो अब आपको फिक्र करने की जरूरत नहीं हैं। आप एक्सपर्ट के बताएं इन उपाय को कर आसानी से वैक्स करवा सकती हैं। आइए जानते हैं उन टिप्स के बारे में।

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा ने बताया कि लड़कियां शरीर पर मौजूद छोटे बाल को क्लीन करने के लिए वैक्स का इस्तेमाल करती हैं और इस दौरान शरीर से आने वाला पसीना उनके वैक्स को खराब कर सकता है। ऐसा होने से अधिकतर लड़कियों को वैक्सिंग करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, इस समस्या से राहत पाने के लिए आप जब भी वैक्स करें सबसे पहले ऐसा एरिया चुने जो ठंडा हो। इसके अलावा वैक्स के पहले आप अपने हाथ पैर को अच्छी तरह से साफ कर सूखा लें, फिर अपनी स्किन पर पाउडर लगाएं उसके बाद ही वैक्स करें।

ध्यान रहे जब भी आप वैक्स करवाने के लिए जाएं, तो अपने हाथ और पैर पर मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल ना करें। क्योंकि मॉइश्चराइजर की



वजह से वैक्स करने में परेशानी हो सकती हैं। अगर आपको ज्यादा परेशानी हो रही हैं, तो आप अपने पैर को सुखाने के लिए हेयर ड्रायर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आप अपनी पसीने को सुखाकर आसानी से वैक्स कर सकती हैं। जब भी आप वैक्स करवाए, तब कोशिश करें एक बार में ही पुरे हाथ पर वैक्स को ना लगाएं इससे जल्दी पसीना आ सकता है और वैक्सिंग में परेशानी हो सकती हैं। अगर आप वैक्स स्ट्रिप्स को दो बार इस्तेमाल कर रही हैं, तो ऐसा करने से भी आपका वैक्स ठीक से नहीं होता। अगर लगातार पसीना आ रहा है, तो आप उसे पोंछते रहे और उसके बाद वैक्स करें।

# रमजान में लड़कों के लिए डिजाइनर कुर्ता के आइडियाज, सेलेब्स जैसे दिखेंगे आप



यदि आप रमजान में अपने पसंदीदा सिलेब की तरह दिखना चाहते हैं तो उन्हीं की तरह कुर्ता-पायजामा कैरी करके अपना स्टाइलिश अंदाज दिखाएं। रमजान दुनियाभर में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। रमजान के रोजे पूरे एक महीना चलते हैं और इसके बाद ईद उल फितर मनाई जाती है। इस दिन खासतौर पर मीठे पकवान, जैसे सेवइयां, शीर खुरमा बनाए जाते हैं। ऐसे माहौल में डिजाइनर कुर्तों के ये आइडियाज आपके लिए परफेक्ट रहेंगे। सेलेब्रिटी लुक से इंस्पायर होकर आप अपने लुक को और भी खास बना सकते हैं।



## क्लासिक व्हाइट कुर्ता

यदि आपको नवाबी अंदाज पसंद है, यानी कि आप सिंपल लेकिन क्लासी दिखना चाहते हैं तो सफेद रंग के प्लेन कुर्ते से बेहतर कुछ हो ही नहीं सकता। यदि व्हाइट कुर्ते के साथ कुछ अलग करना है तो इसे नेहरू जैकेट या कढ़ाईदार शॉल के साथ पेयर करें। सफेद कुर्ते में शाहरुख खान और सलमान खान का लुक बेहद पसंद किया जाता है। कई टीवी सेलेब्स भी इसे काफी अच्छे से कैरी करते हैं।

## कढ़ाईदार कुर्ता

यदि आपको शाही लुक कैरी करना है तो गले और बाजू पर हल्की कढ़ाई वाला कुर्ता पहनें। रॉयल ब्लू, मैरून, या गोल्डन शेड्स इस लुक को और खास बना सकते हैं। रणवीर सिंह और कार्तिक आर्यन इस तरह के कुर्तों में कई बार नजर आ चुके हैं। ऐसे कुर्ते के साथ पायजामा कंट्रास्ट में ही पहनें। तभी आपका लुक अच्छा दिखेगा।

## पेस्टल कलर कुर्ता

यदि आप ट्रेंडिंग लुक कैरी करना चाहते तो पहले समझ लें कि आज कल पेस्टल कलर्स का क्रेज है। मिंट ग्रीन, बेबी पिंक, स्काई ब्लू या लेमन येलो जैसे हल्के रंग आपको एक फ्रेश और मॉडर्न लुक देंगे। विक्की कौशल, सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन जैसे सेलेब्स अक्सर ऐसे कुर्तों को स्टाइलिश तरीके से कैरी करते हैं। पेस्टल रंग हर स्किन टोन पर कमाल के लगते हैं। अगर आप कुछ दमदार लुक कैरी करना चाहते हैं तो ब्लैक या डार्क कलर के पठानी कुर्ते के साथ सफेद सलवार या पायजामा पहन सकते हैं।

# डैंड्रफ की समस्या को कम कर सकते हैं ये फ्लोरल हेयर मास्क

अगर आप डैंड्रफ के कारण परेशान रहती हैं तो ऐसे में कुछ फूलों की मदद से फ्लोरल हेयर मास्क लगाकर उसे इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे यकीनन आपको काफी फायदा मिलेगा।

फ्लोरल हेयर मास्क स्कैल्प को आराम देने से लेकर डैंड्रफ से लड़ने में मददगार है। यह पूरी तरह से नेचुरल और केमिकल फ्री होते हैं और साथ ही साथ आपके बालों पर जेंटल भी होते हैं। इतना ही नहीं, इन्हें इस्तेमाल करना भी काफी आसान है। स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको बता रही हैं कि डैंड्रफ की समस्या को मैनेज करने के लिए किस तरह फ्लोरल हेयर मास्क को बनाएं-

## हिबिस्कस और दही से बनाएं एंटी-डैंड्रफ मास्क

अगर आपको डैंड्रफ की शिकायत है तो आप हिबिस्कस की मदद से मास्क बनाएं। इसमें एंटी-फंगल गुण होते हैं जो डैंड्रफ को कम करने में सहायक है। साथ ही साथ, यह बालों को बेहद मुलायम बनाता है। वहीं दूसरी ओर दही जलन को शांत करती है। सबसे पहले हिबिस्कस के फूलों को पीसकर चिकना पेस्ट



बना लें। अब इसे दही और शहद के साथ मिक्स करें। तैयार मास्क को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं। इसे 30-40 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर माइल्ड शैम्पू से धो लें।

## मैरीगोल्ड और नीम से बनाएं एंटी-डैंड्रफ मास्क

जब बात डैंड्रफ की हो तो ऐसे में मैरीगोल्ड और नीम से बेहतर कॉम्बिनेशन शायद ही कोई हो। इन दोनों में ही एंटी-फंगल गुण होते हैं, जो डैंड्रफ को दूर करने में सहायक है। इससे डैंड्रफ की वजह से होने वाली खुजली को दूर करने में भी मदद मिलती है। सबसे पहले मैरीगोल्ड और नीम की पत्तियों को मिलाकर बारीक पेस्ट बना लें। अब इसे दही या गुलाब जल के साथ मिक्स करें।

# रूखी स्किन के लिए एवोकाडो और एलोवेरा जेल के इस मास्क का करें इस्तेमाल

अगर आपकी रूखी स्किन डल और बेजान महसूस होती है तो ऐसे में आप एवोकाडो और एलोवेरा जेल की मदद से मास्क बना सकती हैं। जहां एवोकडो में मौजूद हेल्दी फैट्स आपकी स्किन को पोषण देते हैं, वहीं एलोवेरा जेल से नमी के साथ-साथ कूलिंग इफेक्ट भी मिलता है। आप चाहें तो अपनी स्किन की जरूरतों को समझते हुए उसमें कुछ अन्य इंग्रीडिएंट्स को भी शामिल कर सकते हैं। चूंकि यह मास्क पूरी तरह से नेचुरल है, इसलिए आपको किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको एलोवेरा जेल और एवोकाडो की मदद से फेस मास्क बनाने के तरीके के बारे में बता रही हैं-

## रूखी स्किन के लिए एलोवेरा जेल के फायदे

एलोवेरा जेल रूखी स्किन को गहराई से हाइड्रेट करता है, लेकिन उसे चिपचिपा नहीं बनाता है। रूखी स्किन अगर फ्लेकी या इरिटेटिड महसूस होती है तो



ऐसे में एलोवेरा जेल से रूखेपन और जलन को शांत करने में मदद मिलेगी। एलोवेरा में विटामिन ए, सी और ई भरपूर मात्रा में होते हैं, जो अत्यधिक रूखेपन के कारण होने वाली छोटी-छोटी दरारों या खुरदुरे पैच को ठीक करने में मददगार है। एलोवेरा जेल स्किन के नेचुरल बैरियर की तरह काम करता है, जिससे आपकी स्किन की नमी लंबे समय तक बनी रहती है।

सबसे पहले आधा पका हुआ एवोकाडो लें और इसे कांटे से अच्छी तरह मसल लें जब तक कि यह चिकना न हो जाए।

## कार्नर न्यूज

### 'टैटू' को लेकर कई धारणाएं समाज में मौजूद, इन्हें जरूर जानें

# 'टैटू' आज परंपरा नहीं, बल्कि फैशन हो चुका, इससे जुड़े मिथक भी जानिए, जिन पर लोग कर लेते हैं यकीन

टैटू यानि परंपरागत रूप से शरीर पर बनाए जाने वाला गोदना। इससे जुड़े कई मिथक हैं, जिन पर लोग बिना सोचे-समझे यकीन कर लेते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि टैटू बनवाना एक सुरक्षित प्रक्रिया है, जब तक कि इसे किसी अनुभवी और प्रोफेशनल टैटू आर्टिस्ट से सही तरीके से कराया जाए। यदि आप भी टैटू बनवाने की सोच रहे हैं, तो इन अफवाहों से बचें और सही जानकारी लेकर ही फैसला लें।

आजकल टैटू बनवाना एक ट्रेंड बन चुका है। युवा ही नहीं, बड़े भी इसे स्टाइल स्टेटमेंट मानते हैं। लेकिन टैटू को लेकर कई तरह की गलतफहमियां और मिथक समाज में फैले हुए हैं, जिन पर लोग आसानी से विश्वास कर लेते हैं। कुछ लोगों का मानना है कि टैटू से स्किन प्रॉब्लम्स होती हैं, तो कुछ इसे सेहत के लिए हानिकारक मानते हैं। हालांकि, इनमें से कई बातें सिर्फ अफवाहें हैं। इस आर्टिकल में हम आपको टैटू से जुड़े 5 बड़े मिथकों के बारे में बताएंगे और उनकी सच्चाई से अवगत कराएंगे।

टैटू बनवाने से सेहत पर बुरा





असर पड़ता है

यह सबसे आम मिथक है कि टैटू बनवाने से शरीर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है या यह सेहत को नुकसान पहुंचाता है।

सच्चाई:टैटू बनवाने से सेहत पर कोई स्थायी बुरा प्रभाव नहीं पड़ता, बशर्ते कि इसे किसी प्रोफेशनल टैटू आर्टिस्ट से साफ-सुथरे माहौल में बनवाया जाए। हां, अगर स्वच्छता का ध्यान न रखा जाए, तो स्किन इंफेक्शन होने का खतरा जरूर रहता है। इसलिए, टैटू बनवाने से पहले सही स्टूडियो और अनुभवी कलाकार का चयन करना जरूरी है।

## टैटू बहुत ज्यादा दर्दनाक होता है

कई लोग यह मानते हैं कि टैटू बनवाने के दौरान असहनीय दर्द होता है, इसलिए वे इसे बनवाने से डरते हैं। सच्चाई:टैटू बनवाने में हल्का दर्द जरूर होता है, लेकिन यह सहने योग्य होता है। दर्द की तीव्रता इस पर निर्भर करती है कि टैटू शरीर के किस हिस्से पर बनवाया जा रहा है। जैसे कि हड्डी के पास ज्यादा



दर्द हो सकता है, जबकि मांसल हिस्सों में कम दर्द महसूस होता है।

## टैटू बनवाने के बाद एमआरआई स्कैन नहीं कराया जा सकता

कुछ लोगों का मानना है कि अगर आपने टैटू बनवा लिया है, तो आपको भविष्य में MRI स्कैन कराने में परेशानी हो सकती है।

सच्चाई: एमआरआई स्कैन करवाने में टैटू से कोई बड़ी समस्या नहीं होती। हां, पुराने जमाने में टैटू इंक में लोहे के तत्व होते थे, जिससे स्कैन के दौरान हल्की जलन महसूस हो सकती थी, लेकिन आजकल इस्तेमाल होने वाली स्याही सुरक्षित होती है और इसका एमआरआई स्कैन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

## टैटू जीवनभर वैसा ही रहता है

बहुत से लोग यह सोचते हैं कि टैटू हमेशा के लिए वैसा ही रहेगा और उसमें कोई बदलाव नहीं होगा।